


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राधाष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ

11 सितम्बर- 17 सितम्बर 2024

jagrukjanta.net

भाद्रपद, पक्ष - शुक्ल, तिथि - अष्टमी, संवत 2081 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-28, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


### मुख्यमंत्री भजनलाल ने दक्षिण कोरिया में दिए संकेत

## प्रदेश में भी होगी एआई से पढ़ाई!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** दक्षिण कोरिया की अपनी यात्रा के दूसरे दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सियोल टेक्निकल हाई स्कूल का दौरा किया। जहां उन्होंने नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली छात्रों के अनुरूप शानदार पहलों को देखा और स्कूल के प्रिंसिपल जोबोक ली और स्कूल के अन्य अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों से मुलाकात की।

### सियोल टेक्निकल हाई स्कूल का दौरा किया

मुख्यमंत्री ने स्कूल के अंदर बने एडवांस्ड टेक्नीकल सेंटर को भी देखा और छात्रों से बातचीत की। वहीं सीएम भजनलाल शर्मा ने कक्षाओं में पढ़ाई जा रही अत्यधिक उन्नत AI तकनीक का भी अनुभव किया। इस अवसर पर बोलते हुए, सीएम शर्मा ने कहा कि कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना बहुत अच्छा है और इससे लोगों को रोजगार पाने और अच्छी नौकरी/भूमिकाएँ पाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य में अवसरों की कमी नहीं है और स्कूल के अधिकारीगण ऐसा ही एक संस्थान राजस्थान में लगाने का विचार कर सकते हैं। आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए उन्होंने स्कूल के अधिकारियों और विद्यार्थियों को राजस्थान आने का आमंत्रण देते हुए कहा - 'पधारो म्हारे देस'

### राजस्थान में निवेश के लिए किया आमंत्रित

वहीं, इससे पहले दक्षिण कोरिया के व्यापारियों को राजस्थान में कारोबार करने के लिए आमंत्रित करते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा था, 'राजस्थान सरकार दक्षिण कोरिया को केवल निवेश के स्रोत के रूप में नहीं देख रही है। बल्कि दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय के साथ सभी क्षेत्रों में एक मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने की आकांक्षा रखती है। उन्होंने कहा था कि, राज्य में निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत हमारी सरकार जल्द ही कई नई नीतियां लाने जा रही है, जो राज्य में व्यापार और कारोबार के माहौल को और बेहतर बनाएंगी।

### दिसंबर में आयोजित होगा इन्वेस्टमेंट समिट

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 6 दिवसीय दक्षिण कोरिया और जापान दौरे के लिए रविवार को रवाना हुए थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने विदेश दौरे पर राइजिंग राजस्थान समिट में विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। सीएम भजनलाल के साथ एक उच्च स्तरीय डेलिगेशन भी गया है। दक्षिण कोरिया के बाद वह 10 सितंबर को वह जापान रवाना होंगे। बता दें राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा।

### गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अगले पांच सालों में तैयार होंगे कमांडो

## साइबर युद्ध के लिए देश में तैयार होंगे 5,000 कमांडो!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में 5,000 साइबर कमांडो को प्रशिक्षित और तैयार करने की योजना बना रही है। उन्होंने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग बताया। नई दिल्ली में I4C या भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं है और इसलिए सभी हितधारकों को इसके खतरे से निपटने के लिए एक साथ आना चाहिए।

### साइबर सुरक्षा से ही देश की प्रगति संभव



उन्होंने कहा, "साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है। हमें साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए क्योंकि साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है।" साइबरस्पेस को सुरक्षित बनाने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहे हैं। शाह ने देश में साइबर अपराध से लड़ने के लिए I4C के तहत चार प्लेटफार्मों का भी उद्घाटन किया। I4C की स्थापना 2018 में गृह मंत्रालय (MHA) के तहत की गई थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य देश में साइबर अपराधों से संबंधित सभी मुद्दों के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का समन्वय केंद्र स्थापित करना है। I4C का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमताओं को बढ़ाना तथा साइबर अपराध से निपटने वाले विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करना भी है।

### अनुसंधान के लिए संसाधनों की कमी आडे नहीं आने दी जायेगी

» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों से बड़े अनुसंधान के क्षेत्र में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने पर जोर देते हुए कहा कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी आडे नहीं आने दी जायेगी। मोदी ने मंगलवार को यहां अपने आवास पर राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान के शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों की नयी रूपरेखा के बारे में चर्चा की गयी।










राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@gmail.com

जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें

ताजा खबरों से रहे अपडेट
jagrukjanta.net


राष्ट्रीय पोषण माह 2024: शक्ति उत्सव 'फील्ड की चॅम्पियन्स' आयोजित

## महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन, राष्ट्रनिर्माण का आधार है-दीया कुमारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित शक्ति उत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन, राष्ट्रनिर्माण का आधार है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण लिए बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर,गैस सिलेंडर जैसे कई उपायों और योजनाओं से राज्य में महिलओं का सशक्तिकरण हो रहा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन अनुसार विकसित भारत के निर्माण में राज्य की महिलाएं भी अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अच्छी सड़कों के निर्माण, आवास, पुरूषों के खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से भी महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पर कार्य किया जा रहा है। दीया कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में मीडिया का योगदान भी अपेक्षित है। मीडिया को महिलाओं की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के साथ ही पुरूषों की मानसिकता में भी बदलाव की आवश्यकता है। ऐसा करके की महिला सशक्तिकरण किया जाना संभव होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिला के सशक्तिकरण में पूरे परिवार का सहयोग और योगदान की आवश्यता होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को किसी भी हाल में हार नहीं माननी चाहिए, महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि महिला उत्थान के लिए महिलाओं को ही आगे आना होगा, इसी से बदलाव आएगा। भव्य सामुदायिक सम्मेलन शक्ति उत्सव में महिला एवं बाल विकास की उपलब्धियों को साझा करने वाली 'फील्ड की चॅम्पियन्स' "चयनित सफल/सक्षम महिलाओं और युवतियों" को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पोषण और स्वास्थ्य संबंधित जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से "सुरक्षित मां , स्वस्थ बच्चा" जागरूकता अभियान का शुभारंभ भी किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर आदिवासी महिलाओं की लगाई गई एक फोटो प्रदर्शनी का भी फीता काट कर उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी ग्रामीण महिलाओं की पोषण और शिशु देखभाल से जुड़ी समस्याओं पर केंद्रित थी, जिसमें किए गए हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप विविध आहार और बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजु बाघमार ने इस अवसर पर कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए उनके बेहतर स्वास्थ्य और अच्छे पोषण के साथ ही उनके मानसिक सशक्तिकरण होना भी आवश्यक है।

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल- कक्षा 10, 12 का परीक्षा परिणाम घोषित

## शिक्षा जीवन के हर क्षेत्र के लिए उपयोगी है-शिक्षा मंत्री



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा जीवन के हर क्षेत्र के लिए उपयोगी है। दिलावर मंगलवार को बिडला सभागार में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के संदर्भ केन्द्रों के संस्था प्रधानों की एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि औपचारिक शिक्षा से वंचित नागरिकों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के हर संभव प्रयास किये जाए। स्टेट ओपन स्कूल में वर्तमान में राष्टीय मुक्त विद्यालय का पाठ्यक्रम संचालित है। शिक्षामंत्री ने राज्य का अपना पाठ्यक्रम तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### विवरणिका, ब्रोशर, एवं कैलेण्डर का विमोचन

कार्यशाला में राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की विवरणिका, ब्रोशर तथा वर्ष भर की गतिविधियों के कैलेण्डर का भी विमोचन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल निदेशक आशीष मोदी ने कहा कि स्टेट ओपन की पाठ्य सामग्री निःशुल्क ऑनलाइन उपलब्ध है । प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता या अधिकतम आयु सीमा की बाध्यता नहीं है। वर्ष में दो बार परीक्षा आयोजित होती है। महिला एवं बालिकाओं का प्रवेश निःशुल्क है। 2015 से अब तक के परीक्षा परिणाम डिजीलोकर पर उपलब्ध है जहां से अभ्यर्थी अपनी मार्कशीट डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने संदर्भ केन्द्रों पर छोटी लाईब्रेरी विकसित करने के निर्देश दिए।

### कक्षा 10 एवं 12 का परीक्षा परिणाम घोषित

*इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने स्टेट ओपन स्कूल की कक्षा 10 एवं 12 मार्च-मई 2024 में आयोजित परीक्षा का परिणाम ऑनलाइन जारी किया। कक्षा 10 का परिणाम 80.33 प्रतिशत तथा 12वीं का 63.09 प्रतिशत रहा। उन्होंने कक्षा 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका पंवार को मोबाईल पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी परीक्षार्थियों को बधाई दी।*

## जागरूक खबरें

### कनोड़िया कॉलेज में मनाया आत्महत्या रोकथाम दिवस

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में दिनांक 10 सितम्बर, 2024 को आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या रोकथाम के महत्व पर जोर देना था। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राध्यापिका महिमा रामचंदानी ने आत्महत्या से जुड़े आंकड़ों और थीम पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। एम.ए. मनोविज्ञान और बी.ए. की छात्राओं द्वारा एक विचारोत्तेजक नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक ने आत्महत्या के विचारों के पीछे के कारकों, जैसे कि शैक्षणिक दबाव, संबंधों में तनाव, सामाजिक अपेक्षाएँ एवं आर्थिक कठिनाइयों को उजागर किया। इसमें मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, दोस्तों और परिवार से मदद लेने की आवश्यकता पर भी बल दिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नाटक का संदेश था कि जीवन को दूसरा मौका देना चाहिए और आत्महत्या के बजाय जीवन के नए अवसरों का सामना करना चाहिए।

### आईआईएस का 'फ्रेशर्स डे उड़ान' कार्यक्रम आज

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर का कल्चरल कार्यक्रम फ्रेशर्स डे उड़ान द बिगनिंग बुधवार दोपहर 1.45 बजे यहां गुरुकुल मार्ग, एसएफएस मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी लॉन में होगा। यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार की डॉ. राखी गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत मिस फ्रेशर्स का चयन आकर्षण का केन्द्र होगा।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में ई-केवाईसी करवाने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीबों के कल्याण की मंशा एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं भारत सरकार के निर्देशों की अनुपालना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राजस्थान के चयनित सभी लाभार्थियों को ई-केवाईसी करवाई जा रही है जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त थी । राज्य में सीलिंग के तहत 4 करोड़ 46 लाख 61 हजार 960 नाम ही जुड़ सकते हैं एवं अब तक विशेष योग्यजनों सहित 4 करोड़ 43 लाख 48 हजार 99 नाम जुड़ चुके हैं। लेकिन 82 लाख 55 हजार 402 लाभार्थियों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है। अब यह अंतिम तिथि 31 अक्टूबर कर दी गई है। एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक ई-केवाईसी करवाने वाले को ही गेहूं दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी करवाने का उद्देश्य यह है कि जो सक्षम है उन्हें सूची से हटाया जाए एवं जो वंचित हैं उन्हें ही लाभान्वित किया जाये।

### सहायक सांख्यिकी, सहायक अभियंता पदों के ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती-2024 एवं सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 के संबंध में शुद्धि-पत्र जारी कर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम दिनांक 15 सितंबर 2024 रात्रि 12 बजे तक कर दी गई है। विज्ञापन की शेष शर्तें यथावत रहेगी। संबंधित शुद्धि-पत्र संख्या 10/2024-25 तथा शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## राधारानी का जन्मोत्सव आजः श्रद्धालु करेंगे राधा अष्टम का जाप, गोविंद देवजी मंदिर में होगी उछाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी बुधवार (11 सितंबर) को राधा अष्टमी का पर्व भक्तिभाव से मनाया जाएगा। छोटीकाशी के देवालयों में राधाजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारणा कराई जाएगी। फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि राधा अष्टमी के दिन रवि योग बनने से इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की पूजा करने का विशेष फल मिलेगा। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि मंगलवार को रात्रि में करीब ग्यारह बजे शुरू हो जाएगी, जिसका समापन अगले दिन 11 बुधवार को रात्रि में करीब 12 बजे होगा। उदयातिथि के आधार पर राधा अष्टमी का पर्वबुधवार को मनाया जाएगा। लाड़ली जी की पूजा का समय सुबह 11:03 मिनट से दोपहर 01:32 मिनट तक विशेष शुभ रहेगा। पूजा की कुल अवधि 2 घंटे 29 मिनट रहेगी। राधा अष्टमी पर ज्येष्ठा नक्षत्र सुबह से रात 9:22 मिनट तक रहेगा। उसके बाद से मूल नक्षत्र प्रारंभ है।

### मुख्य उत्सव गोविंद देवजी मंदिर में

**राधाष्टमी** का मुख्य उत्सव बुधवार को गोविंद देवजी मंदिर में होगा। मंगला झांकी दर्शन सुबह 4 बजे होंगे। इसके बाद 4.45 बजे प्रिया जी (राधारानी जी) के अभिषेक दर्शन खोले जाएं गे। राधारानी जी का दू ध, दही, घी, बूरा, शहद से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। महाआरती के दर्शन होंगे।

## प्राची को एस्ट्रोलॉजी के क्षेत्र में मिला मानव सेवा सम्मान 2024



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** यहां आयोजित एक कार्यक्रम में प्राची शर्मा को एस्ट्रोलॉजी के क्षेत्र में मिला मानव सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बॉलीवुड सेलिब्रिटी बिग बॉस वॉइस विजय विक्रम सिंह थे। कार्यक्रम के दौरान सौ से अधिक प्रतिभाओं को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम की होस्टिंग खुशबू कपूर द्वारा की गई।

## बाबा रामदेव की शोभायात्रा कल

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा रामदेव सेवा समिति खातीपुरा जयपुर द्वारा बाबा रामदेव की भव्य शोभायात्रा व भजन संध्या का आयोजन 12 सितंबर गुरुवार को किया जाएगा। सेवादार सुलतान सिंह राजावत ने बताया कि दोपहर 3 बजे प्लाट न 30 कुमावत बाड़ी खातीपुरा से शोभा यात्रा निकलेगी जो रामदेव मन्दिर खातीपुरा जाएगी। भजन संध्या रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक होगी। हर वर्ष की तरह भक्तजन दंडवत और विशाल ध्वज लेकर पैदल शोभायात्रा निकालेंगे। कार्यक्रम में मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकुल सिंह साँचोरा शामिल होंगे।

## 10 दिवसीय गणेशोत्सव में 1100 दीपको से होगी महाआरती



**» जागरूक जनता @ जयपुर।** सिद्धि विनायक समिति सेक्टर 14 कावेरी पथ मानसरोवर में दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत हुई। आशीष शर्मा व राजकुमार सक्सेना ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम को आरती, भक्ति संगीत और सुंदरकांड के पाठ सहित अन्य आयोजन होंगे। 16 सितंबर को1100 दीपकों से महाआरती होगी एवं अगले दिन विसजर्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम मे आशीष शर्मा, राजकुमार सक्सेना, कैलाश गुप्ता, मनीष, मुकेश जौहरी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## विश्व की 46 प्राचीन सभ्यताओं में से केवल सनातन संस्कृति ही जीवित और सजीव-कपूर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।**राजस्थान विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में अंग्रेजी विभाग द्वारा 'प्रो. आर.के. कौल स्मृति व्याख्यान' का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. कपिल कपूर (पद्म विभूषण), पूर्व प्रो-वाइस चांसलर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली, ने अपना सारस्वत वक्तव्य दिया। उन्होंने "भारतीय साहित्य और भारतीय दृष्टि" विषय पर अपना विशद व्याख्यान प्रस्तुत किया।

अपने व्याख्यान में प्रो. कपूर ने भारतीय भाषाओं और बोलियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में 700 से अधिक बोलियां हैं और 269 भाषाएं प्रचलित हैं, जिनमें से केवल 28 की लिपि उपलब्ध है। उन्होंने भारतीय और यूरोपीय साहित्य की तुलना करते हुए बताया कि जहाँ यूरोपीय साहित्य लिखित रूप में है, वहीं भारतीय साहित्य मौखिक परंपरा पर आधारित है। उन्होंने पश्चिमी विद्वानों द्वारा दी गई इस धारणा का खंडन किया कि भारत में लिखित साहित्य की कमी के कारण वह "असभ्य" है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोग अपनी संस्कृति से भली-भांति परिचित हैं, चाहे वे गाँव में हों या शहर में। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट द्वारा सूचीबद्ध 46 प्राचीन सभ्यताओं में से केवल सनातन संस्कृति ही जीवित और सजीव है। उन्होंने भारतीय साहित्य को "ज्ञान का केंद्र" बताया और कहा कि भारत के पास दुनिया के सबसे प्राचीन ग्रंथों का भंडार है, जिसमें आयुर्वेद, व्याकरण, खगोलशास्त्र और भाषा विज्ञान सहित सभी क्षेत्रों के पहले ग्रंथ भारत में लिखे गए थे। मुगल काल के दौरान भारतीय साहित्य की कई कृतियाँ खो गईं, लेकिन रामानुजन, वाल्मीकि और कालिदास जैसे महान लेखकों की कृतियों ने भारतीय साहित्य की प्राचीन समृद्धि को दर्शाया। प्रो. कपूर ने महाभारत जैसे उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय साहित्य आत्मनिर्भर और प्राचीन सभ्यता का प्रतीक है। इसके पश्चात सम्मानित अतिथि संदीप कवीश्वर (राष्ट्रीय संगठन सचिव, अंतरराष्ट्रीय संस्कृति अध्ययन केंद्र, भारत) ने भारतीय ग्रंथों में धर्म, कर्तव्य और मोक्ष जैसे जीवन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों की व्याख्या की और बताया कि कैसे जनजातीय समाज ने अपनी संस्कृति को संरक्षित रखा है।

सम्मानित अतिथि प्रोफेसर महावीर प्रसाद (क्षेत्र प्रचार प्रमुख, राजस्थान) ने भी भारतीय साहित्य की समृद्धि और महिमा की सराहना की तथा संतों के धर्म संग्रह पर अपने विचार रखे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अरुण सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



चिकित्सा विभाग एवं सीआईएफएफ के बीच एमओयू

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में मिलेगा सहयोग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन के बीच शासन सचिवालय में एक एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। एमओयू पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ एवं सीआईएफएफ की ओर से कार्यकारी निदेशक मंजुला सिंह ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव राठौड़ ने कहा कि एमओयू से प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में तकनीकी सहयोग प्राप्त होगा। राज्य के परिवार नियोजन कार्यक्रम की मजबूती के साथ ही, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सुगमता होगी। सीआईएफएफ के माध्यम से एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर उपचार विकल्प तैयार किए जाएंगे। राठौड़ ने बताया कि इस पांच-वर्षीय एमओयू के तहत महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में सुधार पर फोकस किया जाएगा। एमओयू के तहत सीआईएफएफ की ओर से विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के साथ ही महिलाओं और बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधारात्मक गतिविधियों के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## आईआईएस यूनिवर्सिटी में मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** आईआईएस कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी एंड एलाइड हेल्थ साइंसेज आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस-2024 मनाया गया। कार्यक्रम में दुनिया में मौजूदा दौर में फिजियोथेरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसमें क्षेत्र के पेशेवर, छात्र समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पहले आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। डॉ. गुप्ता ने स्वास्थ्य सेवा में फिजियोथेरेपी की अहम भूमिका पर जोर दिया और भविष्य के फिजियोथेरेपिस्टों के पोषण में कॉलेज के निरंतर प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (आरयूएचएस) में फिजियोथेरेपी और ऑक्यूपेशनल थेरेपी की डीन सुनीता शर्मा समेत डॉ. उदय सिंह शेखावत, कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी के प्रिंसिपल डॉ. भंवर सिंह ताखर ने विचार व्यक्त किए। अंत में आईआईएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

बरसी खुशियां : मरुधरा में खूब बरसा पानी, 14 जिलों में 20 से 59 प्रतिशत ज्यादा बारिश, 335 बांध हुए लबालब , 109 अब भी खाली

## प्रदेश में इस बार मानसून में 60% ज्यादा बरसात हुई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net






प्रदेश में मानसून ने नया रिकॉर्ड बना दिया। इस बार प्रदेश में 621.92 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो औसत से 60 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में 401.60 मिमी बारिश हुई थी। जल संसाधन विभाग के अनुसार, अब तक राज्य के 50 में से 28 जिलों में 60 प्रतिशत या उससे अधिक बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से अधिक की श्रेणी में है। मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष पश्चिमी राजस्थान में अधिक बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा 14 जिलों में 20 से 59 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि शेष आठ जिलों में सामान्य बारिश दर्ज की गई।

सामान्य से 60 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज करने वाले 28 जिलों में अजमेर, अलवर, अनूपगढ़, ब्यावर, बीकानेर, दौसा, डीग, धौलपुर, डीडवाना-कुचामन, दूदू, गंगानगर, गंगापुर सिटी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, करौली, केकड़ी, खैरथल-तिजारा, नागौर, सवाईमाधोपुर, टोंक, कोटपूतली-बहरोड़, बालोतरा, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, बूंदी और चूरू शामिल हैं। बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, जालोर, झालावाड़, प्रतापगढ़, सलूंबर और सिरोही में सामान्य बारिश हुई।

## जागरूक खबरें

### ■ प्रभारी मंत्री कुमावत आज रामदेवरा में करेंगे दर्शन, जैसलमेर में लेंगे समीक्षा बैठक

» जागरूक जनता @ जैसलमेर। जिले के प्रभारी मंत्री और पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार को एक दिवसीय जैसलमेर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कुमावत आज जोधपुर से रवाना होकर प्रातः 8:30 बजे रामदेवरा पहुँचेगें। वे यहां पर लोकदेवता बाबा रामदेव जी की समाधि के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेगें। इसके बाद रामदेवरा से प्रस्थान कर जैसलमेर आएगें तथा वे यहां पर प्रातः 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक लेगें। इसके पश्चात वे दोपहर बाद 2.00 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हो जाएगें।



### ■ मार्बल-ग्रेनाइट उद्यमियों की मांगों को केन्द्र तक पहुंचाया जाना चाहिए-गहलोत

» जागरूक जनता @जयपुर 10 सितंबर (वार्ता) राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने उद्यमियों को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार को प्रदेश के मार्बल-ग्रेनाइट उद्यमियों की मांगों को केन्द्र सरकार के सामने रखना चाहिए। गहलोत ने मंगलवार को अपने बयान में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्य की बात है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विदेश जाकर वहां के उद्यमियों से राजस्थान में आकर निवेश करने की बात कर रहे हैं पर राजस्थान के मार्बल-ग्रेनाइट उद्यमियों की मांगों को प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार केन्द्र के सामने क्यों नहीं रख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रदेश के उद्यमी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

**उपमुख्यमंत्री का दिल्ली दौराः निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का किया निरीक्षण**

# वोकल फ़ोर लोकल' की थीम पर तैयार हो राजस्थान हाउस-दिया कुमारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण विभाग और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को नई दिल्ली में निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण करके हाउस के निर्माण की कार्य प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की जिसमें इंजीनियरों ने राजस्थान हाउस को लेकर प्रेजेंटेशन दिया कि कहां तक कार्य हो चुका है और आगे क्या कुछ करना है। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माणाधीन हाउस के पूरे ब्लूप्रिंट को समझते हुए उन्होंने अधिकारियों से साफ तौर पर कहा कि इस निर्माणाधीन भवन के तैयार होने के बाद जब यहां पर लोग आए, इसके अंदर जब लोग पहुंचे तो आगंतुकों को लगे कि हम राजस्थान आ गए हैं। यहां की सारी व्यवस्थाएं राजस्थानी कल्चर से मेल



खाते हुए डेवलप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप लोग एक रिव्यू मीटिंग भी बुलाए और रिव्यू मीटिंग करके हमें जरूरत पड़ेगी तो इसमें जरूरी बदलाव भी किए जाएंगे।

**निर्माण कार्य में राजस्थानी आर्टिजंस के हुनर और सामग्री का हो उपयोग**

**निरीक्षण** के दौरान दिया कुमारी ने अधिकारियों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए की इस भवन के निर्माण कार्य में लगने वाली हर एक सामग्री में राजस्थानी निर्माण सामग्री को प्राथमिकता दी जाए, चाहे वह राजस्थानी पत्थर हो चाहे वह राजस्थानी पेंटिंग के साथ-साथ राजस्थान के हुनरबंद कारीगरों को भी इसके निर्माण कार्य में प्राथमिकता के साथ स्थान दिया जाना चाहिए ताकि हमारे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सके और इस भवन के निर्माण में राजस्थानी कला और संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बनने वाले विश्व स्तरीय भवनों में जब राजस्थानी पत्थर का उपयोग हो सकता है तो राजस्थान हाउस के निर्माण में भी राजस्थानी पत्थर का भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बनकर तैयार होने वाला यह भवन सिर्फ एक बिल्डिंग मात्र नहीं बल्कि राजस्थान का दर्पण होना चाहिए।

**हाउस में सूचना केंद्र बनाने के दिए निर्देश**

**उपमुख्यमंत्री** दिया कुमारी ने राजस्थान हाउस के निर्माण के दौरान उसमें एक सूचना केंद्र और आगंतुकों और व्यवसायियों को राजस्थान से संबंधित संपूर्ण जानकारी देने के लिए एक बिजनेस सेंटर बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों और पर्यटकों के लिए राजस्थान सबसे पसंदीदा जगहों में से एक मानी जाती है साथ ही राजस्थान में दुनिया भर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है और हमारी सरकार व्यवसायियों को व्यापारिक सुविधाओं से भरपूर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ऐसे में दिल्ली में बनने वाले इस राजस्थान हाउस में आगंतुकों को सभी सूचनाएं एक जगह से प्रदान करने और उन्हें राजस्थान की तरफ आकर्षित करने के लिए सूचना केंद्र कम बिजनेस सेंटर बनाया जाना अति आवश्यक है।

# श्रुति भारद्वाज ने डेयरी फैडरेशन के प्रबन्ध संचालक पद का कार्यभार सम्भाला

**जयपुर डेयरी प्लान्ट का किया निरीक्षण**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रुति भारद्वाज ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के प्रबन्ध संचालक पद का कार्यभार संभाल लिया है।

पदभार संभालने के बाद उन्होंने जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय में डेयरी फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने डेयरी फैडरेशन और इससे सम्बद्ध जिला दुग्ध संघों की आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरस ब्राण्ड के दूध और दुग्ध उत्पादों की उच्च गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जावेगा। प्रबंध संचालन ने राजस्थान राज्य में डेयरी



विकास के क्षेत्र में निजी डेयरियों से प्रतिर्पधा की चुनौतियों के लिये तैयार रहने और सहकारी डेयरी की विशिष्ठ पहचान बन चुके सरस ब्राण्ड को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का आहवान किया। साथ ही, ग्लोबल मार्केट में सरस ब्राण्ड के लोंगलाईफ मिल्क प्रोडक्टस की सम्भावनाओं को तलाशने के निर्देश दिये। उन्होंने दिसम्बर माह में राज्य सरकार की प्रस्तावित इंवेस्टर्स समिट राईजिंग राजस्थान में डेयरी फैडरेशन की प्रतिभागिता की तैयारी के निर्देश भी दिये। श्रुति भारद्वाज ने पदभार संभालने के बाद जयपुर डेयरी प्लान्ट का भ्रमण किया। उन्होंने जयपुर डेयरी के नवीन डेयरी संयंत्र, पाउडर प्लान्ट, टेट्रापेक प्लान्ट, घी प्लान्ट आदि का निरीक्षण किया और जयपुर डेयरी द्वारा प्लान्ट परिसर में हाईजनिक कंडीशंस पर संतोष जाहिर किया। जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम पूनिया ने उन्हें जयपुर डेयरी की आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर फैडरेशन के वित्तीय सलाहकार ललित वर्मा और महाप्रबन्धक (परियोजना) प्रीतेश जोशी भी मौजूद रहे।

# केन्द्र सरकार का मणिपुर हिंसा के प्रति कोई विशेष ध्यान नहीं-गहलोत

» जागरूक जनता @ जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने केन्द्र सरकार पर मणिपुर हिंसा के प्रति उसका कोई विशेष ध्यान नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर में शांति स्थापना के लिए अब आवश्यक कदम उठाने में देरी नहीं करनी चाहिए एवं मणिपुर का दौरा करना चाहिए। गहलोत ने मंगलवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मणिपुर में हो रही हिंसा के बावजूद वहां का दौरा करने को प्रधानमंत्री ने प्रतिष्ठा का मुद्दा बना लिया है। वहां राज्यपाल आवास एवं मुख्यमंत्री के घर जैसे सुरक्षित स्थानों तक पर हमले हो रहे हैं परन्तु केन्द्र सरकार का इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं है।



जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

SHREE NATH B.Ed. COLLEGE-ABU ROAD
Recognized By NCTE, Govt. of India
Affiliated by MLSU- Udaipur
At-Amthala -Abu Road Dist. Sirohi-Raj.
Situation Vacant
Post- Asst.Prof. (B.Ed./D.El.Ed.) Subjects-
1-Sanskrit (MA, M.Ed. with 55%)
2-Commerce (M.Com., M.Ed. with 55%)
3-Psychology (MA, M.Ed. with 55%)
4-Asst. Librarian (M.Lib. with 55%)
Interested Candidate can Email their detailed Resume along with all essential document within 15 days.
SHREENATHEDUCARE@YAHOO.COM

**महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना-2015**

# मंडी श्रमिकों को 265 लाख से अधिक की आर्थिक सहायता का भुगतान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों कल्याण की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसी ही एक योजना है महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना। राज्य सरकार द्वारा योजना के माध्यम से कृषि मंडियों में काम करने वाले हम्माल, तुलारा एवं पल्लेदारों को बच्चे पैदा होने पर, बच्चों की शिक्षा एवं विवाह के लिए तथा चिकित्सा के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है।

कृषि विपणन विभाग निदेशक राजेश कुमार चौहान ने बताया कि माह जनवरी-2024 से जुलाई माह तक मंडी समितियों के माध्यम से 672 हम्माल, तुलारा एवं पल्लेदारों को 265 लाख 33 हजार 537 रुपये की आर्थिक सहायता का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से अनुज्ञप्तिधारी महिला हम्माल एवं पल्लेदारों को प्रसूति सहायता, पुरुष को पितृत्व सहायता, महिला के विवाह और पुरुष एवं महिला हम्माल और पल्लेदारों की दो पुत्रों की सीमा तक 50 हजार रुपये प्रति विवाह सहायता दी जाती है। इसी प्रकार मेधावी छात्रों को कक्षा 10 से स्नातकोत्तर तक 2 हजार से 6 हजार तक की छात्रवृत्ति और 20 हजार रुपये तक की चिकित्सा सहायता मुहैया करवाई जाती है।



**मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 10 से स्नातकोत्तर तक छात्रवृत्ति**

**योजना** के तहत जिनके अभिभावक मंडी में अनुज्ञप्तिधारी हम्माल या पल्लेदार हैं, उनके प्रत्येक बेटे-बेटियों (अधिकतम 2 बच्चों की सीमा तक) को छात्रवृत्ति प्रदान करके शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है। जिसमें कक्षा 10वीं में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र को 3 हजार, छात्रा को 3,500 रुपए, 70 से 80% अंक वाले छात्र को 2 हजार, छात्रा को 2,500 रुपए की छात्रवृत्ति एकमुश्त प्रदान की जाती है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 90% से अधिक अंक वाले छात्र को 5 हजार, छात्रा को 6 हजार, 80 से 90% अंक वाले छात्र को 4 हजार, छात्रा को 5 हजार, 70 से 80% अंक वाले छात्र को 3 हजार, छात्रा को 4 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है। स्नातक में अध्यनरत विद्यार्थियों को 60% से अधिक अंक आने पर छात्र को 4 हजार, छात्रा को 5 हजार, स्नातकोत्तर में 60% से अधिक अंक लाने वाले छात्र को 5 हजार, छात्रा को 6 हजार की छात्रवृत्ति एकमुश्त देखकर आर्थिक संबल प्रदान किया जाता है।

**महिलाओं को 45 दिवस की प्रसूति सहायता और पुरुषों को 15 दिवस का पितृत्व संबल**

**योजना** के तहत महिला हम्मालों एवं पल्लेदारों को अधिकतम दो प्रसूतियों पर 45 दिन की मजदूरी के समतुल्य राशि का भुगतान करके सहायता प्रदान की जाती है। इसी प्रकार पुरुष हम्माल को पितृत्व अवकाश के रूप में निर्धारित प्रचलित मजदूरी दर के अनुसार 15 दिन की मजदूरी का भुगतान किया जाता है। इसके लिए आवेदक को 3 माह के भीतर आवेदन प्रस्तुत करना होता है।

**मंडियां जमा करवा रही अंशदान**

राजेश कुमार ने बताया कि प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों द्वारा हम्माल, तुलारा एवं पल्लेदारो का अंशदान जमा कराना अनिवार्य है। इसके लिए मंडी समितियां को चार श्रेणियां में विभाजित किया गया है। विशिष्ठ एवं अ श्रेणी की मंडिया द्वारा प्रति श्रमिक 1000 रुपये, ब श्रेणी की मंडियां द्वारा 500 रुपये, स श्रेणी की मंडियां द्वारा 300 रुपये और द श्रेणी की मंडियां द्वारा ₹200 प्रति श्रमिक अंशदान जमा करवाया जाता है।

**लाडली के विवाह पर 50 हजार की सहायता**

योजना के तहत अधिकतम दो बेटियों के विवाह के लिए प्रति बेटी के विवाह पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि दी प्रदान की जाती है। साथ ही अनुज्ञप्तिधारी महिला के विवाह पर भी 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। सहायता के लिए आवेदक को विवाह से 90 दिन में आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**श्रमिकों को 20 हजार की चिकित्सा सहायता**

अनुज्ञप्तिधारी हमाल एवं पल्लेदारों को कैंसर, हार्ट अटैक, लीवर, किडनी जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने पर सरकारी अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए अधिकृत अस्पताल में भर्ती होने पर चिकित्सा सहायता के लिए अधिकतम 20 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है।

**राजस्थान आवासन मंडल में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित**

# निर्माण कार्यों में लाये तेजी-गालरिया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री जन आवास योजना सहित अन्य सभी निर्माणों में गुणवत्ता को प्राथमिकता पर रखने के निर्देश राजस्थान आवासन मंडल अध्यक्ष वैभव गालरिया ने मण्डल में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में दिये। मंडल के बोर्ड कक्ष में आयोजित बैठक में आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**आगामी प्लानिंग, नीलामी, आवंटन प्रक्रिया पर चर्चा, राजस्व पर सुझाव**

बैठक के दौरान गालरिया ने राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जाने वाले आगामी निर्माण कार्यों और नीलामी प्रक्रिया को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नीलामी और आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए, ताकि आवासन मंडल के राजस्व को बढ़ाया जा सके और आगामी प्रोजेक्ट्स को भी समय पर पूरा करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आमजन एवं अन्य संस्थाओं की ओर से आने वाले सुझावों पर भी मंथन किया जाना चाहिए। मण्डल अध्यक्ष ने भूमि अधिग्रहण संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि प्रकरणों के निस्तारण के पश्चात् योजना बनाकर मुख्यालय भिजवाए जाएं। बैठक में सचिव डॉ. अनिल पालीवाल, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल मुख्य सम्पदा प्रबंधक प्रवीण अग्रवाल अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर मुख्य अभियंता मुख्यालय तेजवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





**समबद्धता और गुणवत्ता रहें प्राथमिकता- वैभव गालरिया**

गालरिया ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जा रहे सभी कार्य चाहे वो साधारण निर्माण हों या फिर मुख्यमंत्री जन आवास योजना, सभी को समय पर पूरा करने पर फोकस किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी के साथ-साथ गुणवत्ता पर भी पूरी तरह ध्यान दिया जाना चाहिए।

**समस्याओं को दूर कर समन्वय से करेंगे काम-आवासन आयुक्त**

**आवासन** आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि आवासन मंडल में कार्य के दौरान सामने आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा। साथ ही सभी विभागों से समन्वय बिठाकर हर कार्य को सम्पूर्णता के साथ सम्पन्न किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले आपस में समन्वय बिठाना होगा। तभी धरातल पर प्रोजेक्ट्स और प्लानिंग को उतारा जा सकेगा।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS
BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY
WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click
START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST
Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management
MSGJET Powered by JethiTech.com
SchoolMaster SCHOOL Management System Powered by JethiTech.com
Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...
Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan
WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads
DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE
INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# पाक आर्मी चीफ का कबूलनामा, सवाल तो नीयत का है...

पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने पहली बार स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि 1999 के करगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना शामिल थी। यह स्वीकारोक्ति पाकिस्तान की सेना द्वारा सच को मानने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इससे दोनों देशों के रिश्तों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना कम है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की यह स्वीकारोक्ति महत्वपूर्ण है कि 1999 के करगिल युद्ध में पाकिस्तानी सेना शामिल थी। पहली बार पाकिस्तान सेना ने इतने ऊंचे स्तर पर और इतने स्पष्ट रूप में यह सच स्वीकार किया है। यह कबूलनामा साबित करता है कि चाहे कोई व्यक्ति हो या देश, सच से ज्यादा समय तक भाग नहीं सकता। देर-सबेर उसे सच को मानना ही पड़ता है। तथ्य यह है कि 1999 में करगिल में चोरी-छुपे भारत की सीमा में घुस आने के बाद भी पाकिस्तान सेना इस तथ्य से मुंह चुराती रही। उसने बार-बार यही कहा कि करगिल में कश्मीर के स्थानीय लड़ाके ही लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां तक कि भारत ने जब इस युद्ध में मारे गए पाकिस्तानी सैनिकों के शव सौंपने चाहे, तब भी पाकिस्तान ने उन्हें लेने से इनकार कर दिया। बाद के घटनाक्रम ने साफ किया कि पाकिस्तान के लिए इस सच को छुपाना मुश्किल साबित हो रहा था। लिहाजा वह टुकड़ों और इशारों में सच बताता रहा। करगिल युद्ध के दौरान सेना प्रमुख रहे और बाद में राष्ट्रपति बने परवेज मुशर्रफ ने 2006 में आई अपनी किताब में स्वीकार किया कि करगिल प्रकरण के चलते उनके और तत्कालीन पीएम नवाज शरीफ के बीच दरार आई। 2010 में पाकिस्तान सेना ने आधिकारिक वेबसाइट पर शहीदों का कोना खंड के अंतर्गत करगिल संघर्ष में मारे गए 453 सैनिकों के नाम डाले। पिछले दिनों पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी मान चुके हैं कि पाकिस्तानी सेना ने लाहौर समझौते का उल्लंघन किया था। पाकिस्तानी आर्मी चीफ के ताजा बयान को सच स्वीकारने की दो दशक पुरानी कोशिशों की नवीनतम कड़ी के ही रूप में देखा जा सकता है। लेकिन अब जब पाकिस्तानी सेना ने सर्वोच्च स्तर पर करगिल युद्ध का सच मान लिया है तो सवाल यह है कि क्या इससे दोनों देशों के रिश्तों पर कोई पॉजिटिव प्रभाव पड़ेगा। सीधा जवाब यह है कि ऐसी कोई संभावना कम से कम फिलहाल नजर नहीं आ रही। दिक्कत यह है कि इस स्वीकारोक्ति के पीछे ईमानदारी और साफगोई नहीं है। हालांकि हाल में पाकिस्तान की तरफ से रिश्ता सुधारने की परोक्ष पेशकश कई बार आ चुकी है, SCO की बैठक के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाकिस्तान आने का न्योता भी भेजा गया है, लेकिन आतंकी तत्वों से दूरी दिखाने का कोई उल्लेखनीय प्रयास आज भी नजर नहीं आता। खुद आर्मी चीफ ने अपने ताजा बयान में भी कश्मीर को ग्लोबल मसला बताया जबकि शिमला समझौते में दोनों देश इसे एक द्विपक्षीय मुद्दा मान चुके हैं। ऐसा रवैया रिश्तों को बेहतरी की ओर कैसे ले जा सकता है?

**पाकिस्तानी आर्मी चीफ के ताजा बयान को सच स्वीकारने की दो दशक पुरानी कोशिशों की नवीनतम कड़ी के ही रूप में देखा जा सकता है। लेकिन अब जब पाक सेना ने सर्वोच्च स्तर पर करगिल युद्ध का सच मान लिया है तो सवाल यह है कि क्या इससे दोनों देशों के रिश्तों पर कोई पॉजिटिव प्रभाव पड़ेगा।**

---

**कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने के लक्ष्यों के साथ-साथ मीथेन में कमी के लक्ष्यों को भी लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए नई प्रौद्योगिकियों और नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। इस दशक में मीथेन उत्सर्जन में तेजी से कमी लाना निकट भविष्य में गर्मी को धीमा करने और कम वार्मिंग के कार्बन बजट को पहुंच के भीतर रखने के लिए आवश्यक है।**

# ग्लोबल वार्मिंग से विषाक्त होता भूजल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



मेहराम गहलोत
पत्रकार
@jagrukjanta.net



दुनिया में लगभग हर चार में से एक व्यक्ति जीवित रहने के लिए पृथ्वी की सतह के नीचे मौजूद जलाशयों पर निर्भर है। क्योंकि, साफ पानी की झीलों, नदियों और बांधों तक सभी लोगों की पहुंच नहीं है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि सदी के अंत तक लाखों लोग पानी की इस मामूली आपूर्ति से भी वंचित हो सकते हैं । क्योंकि, बढ़ते तापमान के कारण उथले भूजल के विषाक्त होने का खतरा है। शोधकर्ताओं की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम ने वैश्विक तापमान वृद्धि के विभिन्न परिदृश्यों के तहत दुनिया भर में भूजल स्रोतों के तापमान परिवर्तनों को सटीक संख्या में बताने के लिए ऊष्मा परिवहन का एक विश्व-स्तरीय मॉडल विकसित किया है। सबसे खराब स्थिति में, 2100 में लगभग 59 करोड़ लोग ऐसे जल स्रोतों पर निर्भर हो सकते हैं जो पीने योग्य पानी के लिए सबसे कड़े मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इस समय गर्मी की लहरें, बर्फ की पिघलती हुई टोपियां और समुद्रों का बढ़ता स्तर नियमित रूप से सुर्खियां बटोर रहे हैं। लेकिन, हमारा ध्यान भूमि पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों की तरफ नहीं जाता। जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करते हुए हमारा फोकस मौसम की घटनाओं और पानी की उपलब्धता पर रहता है। लेकिन, हमें भूजल पर पड़ने वाले जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में अधिक व्यापक रूप से सोचने की आवश्यकता है। यह सच है कि हमारे पैरों के नीचे की चट्टान और मिट्टी की परतें समुद्री जल की गर्मी को अवशोषित करने की क्षमता से मेल नहीं खाती हैं। फिर भी,यह आश्चर्यजनक है कि भूजल के गर्म होने के परिणामों पर इतना कम ध्यान दिया गया है, खासकर जब पानी की कमी और रिचार्ज (पुनर्भरण) दर पर इतनी अधिक चर्चा होती है। सतह के ठीक नीचे छिद्रपूर्ण चट्टानों के भीतर फंसा पानी घुले हुए खनिजों, प्रदूषकों और संभावित रोगजनकों से भरा हो सकता है। लेकिन, बहुत बड़ी आबादी के समक्ष इस प्रदूषित जल पर निर्भर रहने के सिवाय और कोई विकल्प नहीं है। इन भूमिगत जलाशयों को सिर्फ एक अथवा दो डिग्री गर्म करने से परिणाम भयावह हो सकते हैं। इससे पर्यावरण में ऑक्सीजन की कमी हो सकती है और खतरनाक बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा मिल सकता है अथवा आर्सेनिक और मैंगनीज जैसी भारी धातुओं की अत्यधिक मात्रा पानी मे घुल सकती है।

इस अध्ययन की मुख्य लेखिका और जर्मनी के कार्लश्रु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की भू-विज्ञानी सुजैन बेंज के अनुसार दुनिया मे पहले से ही लगभग 3 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं,जहां भूजल पीने के पानी के सख्त दिशा-निर्देशों में निर्धारित तापमान से ज्यादा गर्म है। इसका मतलब है कि बिना ट्रीटमेंट के वहां का पानी पीना सुरक्षित नहीं है। आसपास पर्याप्त आकार के सतही जलाशयों वाली आबादी के लिए भी गर्म भूजल उन प्रमुख कारकों को बदल सकता है जो पानी को मानव उपभोग के लिए सुरक्षित रखते हैं। 7.7 करोड़ से 18.8 करोड़ लोगों के ऐसे क्षेत्र में रहने का अनुमान है जहां भूजल 2100 तक पीने योग्य मानकों को पूरा नहीं कर पाएगा। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि भूजल की रक्षा के लिए कार्रवाई करना और भूजल पर जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए स्थायी समाधान खोजना कितना आवश्यक है। इस बीच, जलवायु परिवर्तन से संबंधित एक दूसरे अध्ययन में वैज्ञानिकों ने दुनिया में मीथेन उत्सर्जन में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, लोगों की गिरती सेहत, गायब होती बर्फ की चादरों और अप्रत्याशित मौसम के रूप में जलवायु परिवर्तन की बड़ी चेतावनियां हमें लगातार मिल रही हैं। फिर भी हम वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा को उत्सर्जित कर रहे हैं। इससे हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। विशेषज्ञों की एक अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में बताया गया है कि 2006 से वैश्विक मीथेन उत्सर्जन बढ़ रहा है। 2020 से इसमें तेजी आई है। यदि हम बहुत जल्द कुछ कठोर कदम नहीं उठाएंगे तो उत्सर्जन की यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। नए अध्ययन के शोधकर्ताओं ने मीथेन उत्सर्जन रोकने के लिए रणनीतियां तैयार की हैं , जिनका उपयोग विभिन्न देश उचित कार्रवाई करने के लिए कर सकते हैं। इसमें मदद करने के लिए उन्होंने एक ऑनलाइन टूल भी विकसित किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि मीथेन उत्सर्जन में यह निरंतर वृद्धि मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन के लगातार उपयोग के कारण है। मीथेन सीधे तेल,गैस और कोयले की ड्रिलिंग और प्रोसेसिंग द्वारा उत्पादित होती है। अब एक नई बात यह है कि गर्म जलवायु के कारण प्राकृतिक आर्द्रभूमि से मीथेन का बढ़ता उत्सर्जन ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि कर रहे हैं। लैंडफिल, पिघलते हुए पर्माफ्रॉस्ट (स्थायी तुषार भूमि) और पशुधन से भी मीथेन का उत्पादन होता है। अमेरिका में ड्यूक विश्वविद्यालय के जलवायु विशेषज्ञ ड्रू शिंडेल के मुताबिक फिलहाल इन स्रोतों से उत्सर्जन में योगदान मामूली है। हालांकि, इन पर भी बारीकी से नज़र रखने की ज़रूरत है। शोधकर्ताओं ने अपने पेपर में लिखा है कि जलवायु परिवर्तन को सीमित करने के लिए दुनियाभर के प्रयास मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड पर केंद्रित हैं। चूंकि मानव जाति कई दशकों से जलवायु परिवर्तन को पर्याप्त रूप से निपटने में विफल रही है, इसलिए अब वार्मिंग को तय लक्ष्यों से नीचे रखने के लिए हमें सभी प्रमुख जलवायु प्रदूषकों पर अंकुश लगाने पड़ेंगे। इस समय हमारे वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में मीथेन की मात्रा बहुत कम है। लेकिन, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मीथेन एक अधिक शक्तिशाली ग्रीन हाउस गैस है। हम जानते हैं कि दुनिया के गर्म होने में मीथेन का भी एक बड़ा योगदान है जो कार्बन डाइऑक्साइड की तरह ही गर्मी को कैद करती है। यह जमीन पर ओजोन के निर्माण में भी योगदान देती है, जिससे श्वसन संबंधी बीमारियों और हृदय रोगों के कारण मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। अध्ययन में पाया गया है कि इन सभी मीथेन स्रोतों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

**नए अध्ययन में बताया गया है कि 2006 से वैश्विक मीथेन उत्सर्जन बढ़ रहा है। 2020 से इसमें तेजी आई है। यदि हम बहुत जल्द कुछ कठोर कदम नहीं उठाएंगे तो उत्सर्जन की यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। नए अध्ययन के शोधकर्ताओं ने मीथेन उत्सर्जन रोकने के लिए रणनीतियां तैयार की हैं , जिनका उपयोग विभिन्न देश उचित कार्रवाई करने के लिए कर सकते हैं।**

---

**जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति का हुआ आयोजन**

# बैंक अधिकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं राहत-जिला कलक्टर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले के अग्रणी बैंक जल्द से जल्द अपने ऋण लक्ष्यों को हासिल करें ताकि प्रत्येक जरूरतमंद तक राहत पहुंचाई जा सके। यह कहना है जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी का। श्री सोनी ने यह बात मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय समीक्षा एवं सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

बैठक में कलक्टर सोनी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य एवं दायित्व है। इसके लिए अधिकारियों को सभी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए पूर्ण ईमानदारी से प्रयास करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को राजीविका, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन स्कीम सहित अन्य योजनाओं के बेहतर एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिये। कलक्टर ने बैठक में अधिकारियों को साइबर अपराध पर रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला कलक्टर ने वार्षिक साख योजना 2024-25 पुस्तिका का विमोचन भी किया।

बैठक में सितम्बर, 2024 तिमाही में बैंकों द्वारा की गई प्रगति के साथ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिस तरह से योजनाओं की समीक्षा की जा रही है ऐसे में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी निश्चित रूप से मिलेगा।

---

**मुख्यमंत्री के विशेष शासन सचिव संदेश नायक की प्रदेश में कार्यरत सीजीडी संस्थाओं के साथ वर्चुअली बैठक**

# राज्य में सीएनजी-पीएनजी आधारभूत संरचना का होगा विस्तार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्य में सीएनजी- पीएनजी आधारभूत संरचना के विस्तार के लिए राज्य सरकार ने कवायद आरंभ की है। इस संबंध में मंगलवार को मुख्यमंत्री के विशेष शासन सचिव संदेश नायक ने प्रदेश में कार्यरत सीजीडी संस्थाओं के साथ वर्चुअली बैठक कर बताया कि राज्य सरकार का प्रदेश में सीएनजी-पीएनजी सेवाओं के विस्तार पर खास फोकस है। राज्य सरकार द्वारा सीजीडी पॉलिसी भी तैयार की जा रही है ताकि प्रदेश में सीएनजी-पीएनजी सुविधाओं का बिना किसी अवरोध के तेजी से विस्तार हो सके। अतिरिक्त निदेशक, पेट्रोलियम अजय शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने परिवर्तित बजट घोषणा में प्रदेश में एक लाख सीएनजी कनेक्शन जारी करने और 2 हजार किमी पाईप लाईन बिछाने की घोषणा की है। एमडी आरएसजीएल रणवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत सीजीडी संस्थाओं को सीएनजी-पीएनजी सुविधाओं के विस्तार के लिए आधारभूत ढांचा तैयार करने में सहयोग और समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई और धरातल स्तर पर आने वाली समस्याओं की पहचान करने के साथ ही उसके समाधान के संभावित विकल्पों पर विचार विमर्श किया गया।

राज्य की सीजीडी पॉलिसी में सीएनजी-पीएनजी सुविधाओं के विस्तार के लिए सीजीडी संस्थाओं द्वारा पाईप लाईन बिछाने से लेकर सीएनजी स्टेशन स्थापित करने, अन्य आधारभूत ढांचा विकसित कर अधिक से अधिक पाईप लाईन से घरेलू गैस कनेक्शन, व्यवसायिक और औद्योगिक संस्थानों को सीएनजी-पीएनजी गैस सप्लाई से जोड़ने आदि कार्यों के निर्बाध संचालन में आ रही बाधाओं को चिन्हित कर उन्हें पॉलिसी डाक्यूमेंट तैयार कर दूर कराने पर विचार विमर्श हुआ।

बैठक में आरएसजीएल के डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन, डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया, उप निदेशक पेट्रोलियम मोहन कुमावत व रोहित मल्लाह, टोरेंट गैस के शैलेष शर्मा और शोभित सक्सैना, आईओसीएल के राकेश प्रजापत, आईजीएल के नितिन वैष्णव, एजीएण्डपी से सोमिल गर्ग, योगेन्द्र पटेल उपस्थित रहे।

---

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



योग की अनेक साधनाएं हैं जिनसे ईश्वर दर्शन होता है। ध्यान के माध्यम से समाधि में पहुंचने पर ब्रह्म का साक्षात्कार होता है। किंतु इशकी प्रक्रिया बहुत जटिल है जो बिना गुरू के निर्देश के नहीं हो सकती। आसन प्राणायाम आदि योग के साधनों में सिद्ध होने के बाद कुण्डलिनी योग द्वारा समाधि लगाई जाती है। यहां विषय का संकेत मात्र ही किया गया है। ध्यान का प्रसिद्ध स्थान हृदय है। शास्त्र विधि के अनुसार ध्यान सहस्रार में भी हो सकता है। निराकार ध्यान बहुत कठिन है। उस ध्यान में बाहर से इन्द्रियों को पूर्णतया हटा देने पर जो कुछ सुन, या देख रहे, या कल्पना कर रहे हैं सब हटा देना पड़ता है। केवल सत्य स्वरूप का चिंतन रह जाता है। इस ध्यान में दृष्टि कपाल की ओर रहती है। नेति नेति कहकर जगत को छोड़ केवल अपने स्वरूबप का चिंतन रह जाता है। एक ध्यान है नासिका के अग्रभाग में दृष्टि आधी भीतर आधी बाहर। एक ध्यान अनाहत शब्द का ध्यान। ओइम् शब्द ब्रह्म है। साधक उसी शब्द को प्राप्त करने के लिए ध्यान करते हैं। सिद्ध होने पर नाभि से वह शब्द स्वयं ही उठ रहा होता है जिसे अनाहत शब्द कहते हैं। इस ध्वनि के अनुसार आगे बढ़ने पर उसका प्रतिपाद्य जो ब्रह्म है उस तक पहुंचा जा सकता है। मैं पन रहते वैसा दर्शन नहीं होता। जहां मैं भी नहीं, तू भी नहीं, एक भी नहीं वहीं पर यह दर्शन होता है। **क्रमशः**

---

**राष्ट्रीय आयुष मिशन**

# 33 औषधालय होंगे अपग्रेड, बढ़ेगी सुविधाएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बूंदी।** प्रदेश के आयुर्वेद औषधालयों को अपग्रेड किया जा रहा है। इनको आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया जाने लगा है। तीसरे चरण के फेज में प्रदेश में 1 हजार आरोग्य मंदिर को वेलनेस सेंटर के रूप में काम जारी है। आयुर्वेद औषधालयों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित करने के बाद ना केवल आउटडोर बढ़ा है,बल्कि लोगों का रूझान भी कायम हुआ है। इसके लिए बजट का भी निर्धारित किया गया है।

राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुर्वेद औषधालयों को अपग्रेड करके तीसरे चरण में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में 1000 आयुर्वेद औषधालयों को अपग्रेड किया जा रहा है। जिले में अब तक 33 औषधालय सेंटर के रूप में अपग्रेड हो चुके हैं। जिले में 73 आयुर्वेद औषधालय है। इसमें से पूर्व के दो चरणों के 16 औषधालय अपग्रेड हो चुके है। शेष तीसरे फेज के 17 आयुर्वेद औषधालयों मे काम जारी है। हालांकि इस सेंटर में हर्बल गार्डन विकसित करने के साथ योग की नियमित कक्षाएं चल रही है। नए सेंटरों में मशीन अन्य संसाधान आने शेष है।





### पौधे से महक रहे औषधालय

**इन** विकसित सेंटरों में हर्बल गार्डन तैयार किया जा रहा है। इसमें 16 प्रकार के औषधीय पौधे लगाए जा रहे है। हर्बल गार्डन के लिए प्रत्येक सेंटर को 20 हजार रुपए बजट निर्धारित है। इसके साथ ही सुबह 7 से 8 बजे तक नियमित योग कक्षाएं संचालित की जा रही है। यह योग कक्षा अस्पताल, आगंनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन, विद्यालय या सार्वजनिक स्थानों में कराई जा रही है।

### *25 फीसदी बढ़ा आउटडोर*

***औषधालयों** के पुराने भवनों की छवि अब बदली है। भवन का नवीनीकरण, आयुर्वेद पद्धति के प्रचार-प्रसार की सामग्री,औषधियों की जानकारी आदि दी गई है। वहीं परिसर में औषधियों के प्लांट लगाए गए हैं, जिससे लोगों का आकर्षण भी बढ़ने लगा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि औषधायलों के विकसित होने से 25 फीसदी तक आउटडोर बढ़ा है।*

### सेंटर पर मिल रही सुविधाएं

- डायबिटीज व ब्लड प्रेशर व उपचार।
- योग शिक्षक कर रहे योग के प्रति जागरूक।
- योग-प्राणायाम से स्वस्थ रहने के सिखाएंगे गुर।
- चिकित्सक व नर्सिंगकर्मी को विशेष भत्ता।
- मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य।
- मरीजों का हेल्थ रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज।

### प्रतिदिन योगा का लाभ

प्रदेश के इन 1000 वेलनेस सेंटर में 1550 से अधिक योग शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रतिदिन इन सेंटर में एक पुरुष व एक महिला योग शिक्षकों को लगाया गया है। मरीजों व आमजन को प्रतिदिन योग करवाया जाएगा। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर भी योग की कक्षाएं लेंगे।

**आयुर्वेद** औषधालयों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया जाने लगा है। जिले में अब तक 33 औषधालयों को अपग्रेड किया जा चुका है। इसमें तीसरे फेज के 17 औषधालयों में कार्य जारी है। जिले में 73 आयुर्वेद औषधालय संचालित है।
**डॉ. रमेशचंद जैन,** उप निदेशक, आयुर्वेद विभाग, बूंदी

---

**स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश**

# रोटी, रोजगार, आवास की योजनाओं पर हो फोकस

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में मानसून की मेहरबानी के बाद अब स्वायत्त शासन विभाग खराब हो चुकी सड़कों को दुरुस्त करने में जुट गया है। मंगलवार को डीएलबी मुख्यालय में आयोजित बैठक में आमजन से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे के साथ ही राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग ने नगरीय निकायों में विभिन्न लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई इस समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय उप निदेशक, नगरीय निकायों के आयुक्त, अधिशाषी अधिकारीगण जुड़े।

### 'बारिश के बाद सड़क-सफाई पर हो फोकस'

**राजेश** यादव ने कहा कि राजस्थान में इस बार मानसून जमकर बरसा है। इस दौरान कई जगह सड़कों के खराब होने की समस्या भी सामने आई है। लेकिन विभाग को इस पर खास तौर पर फोकस करते हुए सड़कों की मरम्मत अभियान की तैयारी कर लेनी चाहिए ताकि आमजन को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान मिल सके। इसके अलावा यादव ने नगरीय निकायों में सफाई अभियान और स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान की भी समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होनें समस्त उपनिदेशक (क्षेत्रीय) को निर्देशित किया कि वे अपने संभाग में सबसे दूर और सबसे गंदे वार्ड का निरीक्षण करें।

### 'पौधा संरक्षण पर दें ध्यान'

**राजेश** यादव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के दौरान पौधारोपण अभियान चलाए गए। पौधों को रोपने के साथ ही उनका संरक्षण और संवर्द्धन भी उतना ही जरूरी है। ऐसे में नगरीय निकायों की जिम्मेदारी है कि अपने क्षेत्रों में हुए पौधारोपण अभियान के बाद उनके संरक्षण पर ध्यान दें।

### रोजगार, रसोई और आवास योजनाओं की समीक्षा


**राजेश** यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी लम्बित मुद्दों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई के लम्बित भुगतान और इंदिरा गांधी शहरी गारंटी रोजगार योजना की समीक्षा भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार आमजन को रोटी, रोजगार और घर देने का पुण्य कार्य कर रही है। ऐसे में इन योजनाओं को लेकर नगरीय निकाय खास तौर पर सरि य रहें और आमजन को राहत पहुंचाएं।

### लम्बित प्रकरणों का फीडबैक, सुझावों पर चर्चा

**राजेश** यादव ने सभी नगरीय निकायों से बजट के अनुसार घोषणाओं हेतु लम्बित भूमि प्रकरण, बजट घोषणाएं, विधानसभा प्रश्न, लोकयुक्त, मानवाधिकार प्रकरण एवं आरटीआई के लम्बित जवाबों को लेकर भी अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने लम्बित प्रकरणों को लेकर सुझावों को लेकर भी चर्चा की और जल्द से जल्द इन्हें निपटाने के निर्देश दिए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 11/09/2024**

**सूर्योदय :** 06:14 **सूर्यास्त :** 18:31 **चन्द्रोदय :** 13:21 **चन्द्रास्त :** 23:36 **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना :** भाद्रपद **पूर्णिमांत :** भाद्रपद **सूर्य राशि :** सिंह **चन्द्र राशि :** वृश्चिक **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** अष्टमी, 23:41 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1946 क्रोधी **चन्द्रमास भाद्रपद :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **भाद्रपद :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** ज्येष्ठा, 21:09 तक
**योग :** प्रीति, 23:49 तक
**प्रथम करण :** विष्टि, 11:31 तक
**द्वितिय करण :** बावा, 23:41 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:32 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:55 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:22 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:31 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:31 पी एम से |
| अमृत काल | 12:05 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:54 पी एम से |
| रवि योग | 09:22 पी एम से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में

राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में

होमाहुति : शुक्र

कुंभ चक्रः दक्षिण

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:13 - 07:45 | उद्वेग : 18:31 - 19:58 |
| अमृत | : 07:45 - 09:17 | शुभ : 19:58 - 21:26 |
| काल काल वेला | : 09:17 - 10:50 | अमृत : 21:26 - 22:54 |
| शुभ | : 10:50 - 12:22 | चर : 22:54 - 00:22 |
| रोग वार वेला | : 12:22 - 13:54 | रोग : 00:22 - 01:50 |
| उद्वेग | : 13:54 - 15:26 | काल : 01:50 - 03:18 |
| चर | : 15:26 - 16:58 | लाभ : 03:18 - 04:46 |
| लाभ | : 16:58 - 18:31 | उद्वेग : 04:46 - 06:14 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज अष्टमी

### आज कौन सा कार्य करें

अष्टमी : संग्राम, वास्तु, शिल्प, लेखन, स्त्री, रत्न धारण, आभूषण खरीदना ये सब अष्टमी को शुभ हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

भाद्रपद, शुक्ल, अष्टमी, 2081 बुधवार, 11 सितम्बर - 17 सितम्बर, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]

**विलम्ब** से चलेंगे कार्य क्षेत्र पर लाभ की जगह हानि अधिक होगी। असफलता मिलने पर क्रोध आएगा। व्यवसाय की निराशा घर मे निकालने अथवा अनदेखी करने पर घर मे नई परेशानी खड़ी हो सकती है।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]

आर्थिक स्थिति ज्यादा बेहतर तो नही फिर भी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए पर्याप्त रहेगी। सहकर्मी आज आपसे प्रसन्न रहेंगें। घर का वातावरण भी छोटी मोटी बीमारियों को छोड़ शांत रहेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]

आप छोटे मोटे कामो की अनदेखी करेंगे बाद में ये ही चिंता का विषय बनेंगे। दिनचार्य प्रातः काल से ही अव्यवस्थित बनेगी। लापरवाही के कारण सहकर्मी अथवा भागीदारों से बहस हो सकती है।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]

धन लाभ खर्च की अपेक्षा अधिक रहने पर थोड़ी बहुत बचत भी कर सकेंगे। भावुकता एवं विपरीत लिंगीय आकर्षण भी अधिक रहेगा। जल्दी से किसी की बातों पर विश्वास ना करें धोखा हो सकता है।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]

आर्थिक दृष्टिकोण से सप्ताह थोड़ा खींच तान वाला रहेगा। परिजन किसी स्वार्थ सिद्धि के लिये अत्यंत मीठा व्यवहार करेंगे जिसके पूर्ण होने पर घरेलू खुशियों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]

मानसिक परेशानी रहेगी। बोलने चालने में संयम ना रहने पर किसी से झगड़ा होने की संभावना है। कार्य क्षेत्र पर व्यवहार में अधिक नरमी बरते सहकर्मियों से छोटी छोटी बातो को लेकर मतभेद खड़े होंगे।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]

सन्तान एवं बुजुर्ग आपके व्यवहार से आहत होंगे। नए कार्य का आरंभ ना करें। चोटादि का भय है यात्रा अथवा वाहन चलाने में सावधानी बरतें। धन संबंधित व्यवहार जरूरी होने पर ही करें।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]

आपके समस्त जरूरी कार्य दिन रहते पूर्ण करले इसके बाद परिस्थितियां विपरीत होने पर विघ्न-बाधाएं आने लगेगी। आज दिन का आरंभ सुख-शान्ति से होगा घर के सदस्य से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]

शारीरिक रूप से कार्य करने में असमर्थ रहेंगे किसी भी कार्य को करने का मन नही करेगा। मध्यान तक स्थिति सामान्य बनने लगेगी लेकिन मन मे चंचलता रहने से कार्य मे तुरंत निर्णय नही ले सकेंगे।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]

संतोष की भावना अधिक रहेगी दिन के आरंभ में कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे। परिजनों का सुख सहयोग उत्तम रहेगा। सुख सुविधा मिलेगी। यात्रा सुखद रहेगी। प्रसन्नता के समाचार मिलेंगे।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]

सोचने की क्षमता उच्च कोटि ही एवं अन्य लोगो से भिन्न रहेगी सार्वजनिक क्षेत्र पर कार्य कुशलता के बल पर सम्मान हांसिल करेंगे।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]

कार्य क्षेत्र पर भी प्रसिद्धि बढ़ेगी। आज आप किसी की सहायता लेना पसंद नही करेंगे आर्थिक मामलों को भी स्वय के बल पर निपटा लेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान : मेवात रीजन में साइबर क्राइम रेट में आई भारी कमी

# ऑपरेशन एंटीवायरस में 2.36 लाख सन्दिग्ध सिम एवं 2.29 लाख IMAI नंबर ब्लॉक करवाए

## प्रदेश भर में दो माह के विशेष अभियान में पांच हजार से ज्यादा चोरी व गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर धारकों को लौटाये

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश के मेवात क्षेत्र में चलाये गये "ऑपरेशन एंटीवायरस" में राजस्थान पुलिस ने भारत सरकार और दूरसंचार विभाग से समन्वय करते हुए 2.36 लाख सन्दिग्ध सिम एवं 2.29 लाख आईएमईआई नंबर ब्लॉक करवाए हैं। वहीं प्रदेश भर में जुलाई-अगस्त 2024 में गुमशुदा मोबाइल की तलाशी के लिए संचालित विशेष अभियान में 5000 से ज्यादा चोरी व गुम हुए मोबाइल ट्रेस कर धारकों को लौटाये गये है।

महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) साइबर अपराध एवं एससीआरबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि प्रदेश में बढ़ रहे साइबर क्राइम को चैलेंज के रूप में लेते हुए राजस्थान पुलिस ने मेवात क्षेत्र में 'ऑपरेशन एंटीवायरस' के तहत साइबर क्रिमिनल्स की डेटाबेस के आधार पर पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इसके परिणाम स्वरुप मेवात क्षेत्र में साइबर क्राइम में भारी कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि आज से करीब 5-6 महीने देश के साइबर क्राइम का 18% मेवात क्षेत्र में हो रहा था वह अब घटकर मात्र 5% तक रह गया हैं।

डीजीपी (साइबर अपराध) प्रियदर्शी ने बताया कि मेवात क्षेत्र में आपरेशन एंटी वायरस में प्रभावी कार्रवाई करते हुए ना सिर्फ अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, वरन उनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इस वजह से अधिकांश आरोपियों की न्यायालय से जमानत नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 2.36 लाख के आसपास सन्दिग्ध सिम एवं करीब 2.29 लाख सन्दिग्ध आईएमईआई वाले मोबाइल हैंडसेट की पहचान कर भारत सरकार के डिपार्मेंट आफ कम्यूनिकेशन से संपर्क कर ब्लॉक करवाया गया है, जिसके कारण साइबर क्राइम के अपराध में कमी आई है। प्रियदर्शी ने बताया कि मोबाईल चोरी या खोने के बारे में आमजन द्वारा दर्ज शिकायतों के सम्बंध में सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। पिछले दो महीनों में प्रदेशभर में 5000 से अधिक गुमशुदा मोबाईल ट्रेस करने में सफलता मिली है, अधिकांश मोबाइल जिला पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से उनके धारकों को वापस सम्भलाए गए है, शेष मोबाइल भी लौटने की कार्रवाई जारी है। डीजी साइबर क्राइम प्रियदर्शी ने बताया कि भारत सरकार के पोर्टल www.ceir.gov.in पर चोरी व गुम हुए और सन्दिग्ध मोबाइल का डाटा रहता है। जब इन मोबाइल पर कोई व्यक्ति नई सिम डालकर प्रयोग करने की कोशिश करता है तो 'अलर्ट' के रूप में उसकी लोकेशन नजदीकी थाने पर आ जाती है। उन्होनें आम लोगों को सलाह दी है कि मोबाईल चोरी या गुम हो जाने पर उसकी गुमशुदगी नजदीकी थाने पर दे या राजस्थान पुलिस के पोर्टल पर इसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराए। इस कार्रवाई के बाद शिकायत का विवरण भारत सरकार के इस पोर्टल पर आवश्यक रूप से दर्ज करें।

---

## उत्साह से मनाया गणेशचतुर्थी महोत्सव



» जागरूक जनता @ जयपुर। यूनिक एम्पोरिया महल रोड जगतपुरा जयपुर में श्रीगणेश चतुर्थी पूजन समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भगवान श्रीगणेश की पूजा की और उनसे आशीर्वाद की कामना की गई। सभी एंपोरिया निवासियों ने इस समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान गणेश की पूजा की। कार्यक्रम के समापन पर आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया।

---

# हैड कॉन्स्टेबल हरिराम व कांस्टेबल मुनेश सम्मानित

**डीजीपी ने पांच साल की बालिका को अपहरणकर्ता के चंगुल से छुड़ाने पर हरिराम को 15 हजार व मुनेश को 10 हजार नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर की हौसलाफजाई**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने कोटपूतली जिले के गांव नारेडा से गत रविवार को अगवा की गई 5 साल की बालिका को अपहरणकर्ता के चंगुल से सकुशल छुड़ाने और आरोपी को दस्तयाब करने के लिए सजगता और कर्त्तव्यपराणता का परिचय देने वाले नीम का थाना के दो पुलिसकर्मियों हैड कांस्टेबल हरि राम एवं कांस्टेबल मुनेश को नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। साहू ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में नीम का थाना जिले में थाना सदर के अंतर्गत चौकी टोड़ा के इंचार्ज हैड कांस्टेबल हरि राम को 15 हजार नगद व पुलिस महानिदेशक प्रशंसा पत्र व कांस्टेबल मुनेश को 10 हजार नगद व पुलिस महानिदेशक प्रशंसा पत्र प्रदान किए। डीजीपी साहू ने इस अवसर पर दोनों पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि कर्तव्य निष्ठा के साथ मेहनत करते हुए बालिका व अपहरणकर्ता को दस्तयाब करने में दोनों पुलिसकर्मियों महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, वह अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने हरिराम एवं मुनेश को आगे भी इसी प्रकार पूरी मुस्तैदी से कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित करते हुए उनकी हौसलाअफजाई की।

---

# "गणराज नाचे थई" से गणेशजी के नर्तक स्वरूप की अभिव्यक्ति

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश उत्सव के दौरान डॉ स्वाति अग्रवाल ने अपनी शिष्यायों के साथ कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। भगवान गणेश का नृत्य ब्रह्मांड की लय और गति को दर्शाता है। श्री गणेश जी के इस स्वरूप का वर्णन करते हुए स्वाति अग्रवाल ने "गणराज नाचे थई" पर भगवान गणेश की नृत्य मुद्राओं की सुंदर भावाभिव्यक्ति की।

इसके बाद राधिका, अवनि, हिया, ऋषिका, अक्षिता और मानवी ने ताल अष्टमंगल में गणेश परण, ठाट, आमद, तोड़े इत्यादि का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया द्यआराध्या अग्रवाल, संस्कृति और ऋत्विका ने "गाइए गणपति जगवंदन" से भगवान गणपति की आराधना की। इसके अतिरिक्त ताल तीन ताल में चारवी, इशिका, भावना, अदिति व संस्कृति ने और दृष्टि, शाइनी व सिया ने ताल शिखर में जयपुर घराने के पारंपरिक कथक नृत्य से श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद "श्री गणेश पंचरत्नम" प्रस्तुत किया गया जो कि गणेश जी पर आदि शंकराचार्य द्वारा रचित एक स्तोत्र है, जिसका अर्थ है, 'गणेश की स्तुति में पांच रत्न' जिसकी रचना आठवीं शताब्दी में की गई थी द्य सलोनी, शालिनी, दुर्गेश, अदिति, भावना और इशिका ने अपने नृत्य के माध्यम से गणेश पंचरत्नम की सशक्त अभिव्यक्ति की। कार्यक्रम का समापन गणेश जी की आरती "जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा माता जाकी पार्वती पिता महादेवा" से कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। पढंत पर पंडित कौशल कांत पवार, सितार पर हरिहर शरण भट्ट, गायन पर रमेश मेवाल और तबले पर आदित्य सिंह राठौर ने उत्कृष्ट संगत की।

---

राजस्थान कंप्यूटर सर्विसेज ऑफिसर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित

# ई-गवर्नेंस को बेहतर बनाते हुए करें आमजन की सेवा-सिंह

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान कंप्यूटर सर्विसेज ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से होटल 'हॉलिडे इन' में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान के विभिन्न जिलों से संगठन के सदस्यों ने भाग लिया और विभागीय मुद्दों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के निवर्तमान आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने संगठन के अधिकारियों के कार्यों की सराहना की और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर राज्य के आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान अनुभवों को साझा किया और बताया कि देशभर में राजस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की विशेष पहचान है। उन्होंने कहा कि वे जहां भी जाते हैं, उन्हे विभाग की सराहना सुनने को मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को निरंतर ई-गवर्नेंस को बेहतर बनाते हुए आमजन की सेवा में तत्पर रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष संजय जगदीश कार्णिक ने संगठन और विभाग की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संगठन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। संगठन के महासचिव डॉ. युवराज गुर्जर और उपाध्यक्ष रितेश कुमार शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने और आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन संजय जैन ने किया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आए संगठन के अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

---

# पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए-शर्मा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** शासन सचिव पशुपालन एवं गोपालन डॉ समित शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में पशु पालन विभाग के अधिकारियों तथा औषधि आपूर्ति करने वाले फर्मो के साथ एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में शासन सचिव ने औषधि आपूर्तिकर्ता फर्मों को निर्देश दिये कि वे आदेशों के विरूद्ध तुरंत पशु चिकित्सा संस्थानों को औषधियां और सर्जिकल आइटम्स की आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को औषधि विक्रेता फर्मों के भुगतान संबंधी समस्याओं का निस्तारण कर उनके भुगतान की प्रक्रिया आरंभ करने के निर्देश दिए। शासन सचिव ने कहा कि प्रदेश की सरकार पशुधन और उनके कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों के साथ पशु चिकित्सा सेवा की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्देश दिया कि औषधि और चिकित्सा के अभाव में किसी पशु को अपनी जान न गंवानी पड़े इस बात की पुख्ता व्यवस्था की जानी चाहिए। बैठक में पशुपालन निदेशक डॉ भवानी सिंह राठौड़, अतिरिक्त निदेशक डॉ आनंद सेजरा, डॉ पी सी भाटी तथा डॉ सुरेश मीना और औषधि विक्रेता फर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## मंजू राजपाल ने सहकारी समितियों का पदभार संभाला

» जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी मंजू राजपाल ने मंगलवार को शासन सचिव, सहकारिता विभाग एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां का पदभार ग्रहण किया।

---

जयपुर जिला, शहर सर्किल सहायक अभियंता कार्यालयों का निरीक्षण

# पूरी संवेदनशीलता से हो उपभोक्ताओं की सुनवाई -चेयरमैन, डिस्कॉम्स

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने डिस्कॉम्स अधिकारियों को निर्देश दिए हैं उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें और उनका समुचित निराकरण करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि मीटर बदलने, लोड बढ़ाने, नए बिजली कनेक्शन, बिल में त्रुटि सुधार जैसे आमजन से जुड़े जरूरी कार्यों के लिए उपभोक्ताओं को दफ्तर के बार-बार चक्कर न काटने पड़ें।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने मंगलवार को आमेर कुंडा की ढ़ाणी स्थित जयपुर जिला सर्किल तथा जयपुर शहर सर्किल के सहायक अभियंता कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करना डिस्कॉम्स की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सुश्री डोगरा ने इन कार्यालयों में मीटर, भंडार, राजस्व, रिकवरी एवं उपभोक्ता शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीट पर मौजूद कार्मिकों से खराब एवं जले हुए मीटर बदलने, लंबित कनेक्शनों की स्थिति, सैटलमेंट एवं वीसीआर प्रकरणों, बिलिंग, रिकवरी, ट्रांसफॉर्मरों की उपलब्धता एवं उन्हें बदलने की प्रक्रिया की जानकारी ली और आवश्यकतानुरूप इनमें सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर निशुल्क बिजली योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाए।

सुश्री डोगरा ने मंगलवार को जनसुनवाई शिविर में पहुंचे उपभोक्ताओं से समस्याओं के निराकरण का फीडबैक भी लिया। डिस्कॉम्स चेयरमैन ने इससे पहले हवा सड़क, पावर हाउस स्थित जयपुर डिस्कॉम की सेन्ट्रल टेस्टिंग लैब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लैब में मैटेरियल की टेस्टिंग प्रक्रिया आदि का अवलोकन किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता मैटेरियल मैनेजमेंट आर. के. मीणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

---

शासन सचिव, पर्यटन ने मंगलवार को किशनपोल बाज़ार स्थित विरासत संग्रहालय का किया दौरा

# विभिन्न दरवाजो पर बैतरतीब लगे वायर, केबलों को करें व्यवस्थित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मंगलवार को किशनपोल बाज़ार स्थित विरासत संग्रहालय और हवामहल स्मारक का दौरा किया। उन्होंने जल महल का भी दौरा कर वहां सौंदर्यकरण, बोटिंग और वाटर लेजर शो के लिए संभावनाओं को समझा और अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इस दौरान पर्यटन सचिव ने विरासत संग्रहालय की रूफ़ पर रेस्टोरेंट बनाने की सम्भावनाओ पर अधिकारियों से विचार विमर्श किया। वहीं हेरिटेज वॉक के रास्ते का निरीक्षण कर हवा महल को अंदर से देखा। उन्होंने विशेष तौर पर विभिन्न दरवाजो पर बैतरतीब लगे वायर, केबल को देखकर उनको व्यवस्थित करने के निर्देश दिए जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को असुविधा न हो। रवि जैन ने न्यू गेट के बाहर अजमेरी गेट की तर्ज पर पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य किये जाने संभावनाओं लिए मौका मुआयना किया।

इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, पुरातत्व विभाग के निदेशक डॉ. पंकज धरेंद्र, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा, पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत, हवामहल स्मारक की अधीक्षक सरोजनी चँचलानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग द्वारा प्रखर राजस्थान कार्यक्रम प्रारम्भ

# विद्यार्थियों में होगा पठन कौशलों की प्रवाहशीलता का विकास

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** शिक्षा विभाग द्वारा प्रखर राजस्थान कार्यक्रम आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों में पठन कौशलों की प्रवाहशीलता का विकास करना, पठन कौशल के माध्यम से अवधारणाओं की समझ हेतु प्रेरक, अनुकूल वातावरण का निर्माण करना पठन कौशल हेतु उपलब्ध पुस्तकों, संसाधनों के अधिकतम उपयोग हेतु अवसर प्रदान करना तथा स्थानीय भाषा में रोचक, कहानियां, गीत इत्यादि को कक्षा कक्षीय गतिविधियों में शामिल करने के अवसर प्रदान करना है। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु राजस्थान के प्रत्येक राजकीय विद्यालयों में आयोजन कर कार्यक्रम आरम्भ किया गया। इसी क्रम में जिले के लिए शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राउमावि से इसका आरम्भ किया गया। सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा योगेश अडानिया के अनुसार यह



कार्यक्रम 9 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक समस्त राजकीय विद्यालयो में आयोजित किया जायेगा।

कार्यक्रम अधिकारी नफीस अहमद के अनुसार इस कार्यक्रम से जिले के कक्षा 1 से 8 में पढने वाले लाभान्वित होगे। प्रखर राजस्थान कार्यक्रम से कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए गतिविधियां, प्रेरक गतिविधियां, समुदाय के लिए गतिविधियां आयोजित कराई जायेगी। शुभारम्भ कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुस्तकालय की पुस्तक से रोचक कहानियां, कविताएं, प्रसंग इत्यादि पढ़कर सुनाये तथा इन्ही के साथ समावेशी शिक्षा के एक दृष्टिबाधित विद्यार्थी ने ब्रेल बुक्स से अग्रेंजी तथा एक अन्य विद्यार्थी ने लार्ज प्रिन्ट बुक्स का पाठ पढ कर सुनाया। राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार कार्यक्रम के अन्त में पुस्तकालय का अवलोकन भी किया गया। शुभारम्भ आयोजन के अवसर पर डॉ. लीला चतुर्वेदी सहायक परियोजना समन्वयक, कार्यक्रम के जिला प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी, लोकेश नारायण शर्मा, शम्भु लाल जाट, शुभम, हेमेन्द्र कुमार सोनी एवं शिक्षक आदि उपस्थित रहें।

## 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता प्रारम्भ

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** राजकीय उच्च मा. विद्यालय में 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 14 वर्ष छात्र-छात्रा नेट बाल, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय कल्पना शर्मा ने प्रतिभागियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए कहा। समारोह में विशिष्ठ अतिथि सत्यनारायण मेनारिया, गोपाल गाडरी, सीएसआर हेड हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड विशाल अग्रवाल, सीबीईओ महेशकुमार व्यास ने भी विचार व्यक्त किए। अतिथियों का ऊपरना, मेवाड़ी साफा पहना कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रधानाचार्य चंद्रशेखर त्रिपाठी ने दिया। गंगरार ब्लॉक के समस्त शारीरिक शिक्षको ने खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु अगले वर्ष सेवानिवृत हो रहे स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक एवं मुख्य निर्णायक रामेश्वरलाल मूंदड़ा, शारीरिक शिक्षक उज्जवल दाधीच को राजधानी नई दिल्ली में संसद में राष्ट्रीय युवा संसद विषय पर बोलने पर अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह, उपरना ओढ़ा कर नकद पुरुस्कार देकर भी समानित किया। विशिष्ठ अतिथि तहसीलदार पुष्पेंद्रसिंह राजावत, शिक्षाविद चतरलाल मेनारिया, जगदीश मेनारिया भी मौजूद थे। प्रतिभाशाली बालको को टेबलेट्स का भी वितरण किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा कर ध्वजारोहण एसडीएम शर्मा ने किया। शपथ डीईओ कल्पना शर्मा ने दिलाई। प्रतियोगिता पर्यवेक्षक सुरेश शर्मा एवं सहमुख्य निर्णायक गोपाललाल शर्मा ने बताया कि कुल 61 टीमों के 547 बच्चे भाग ले रहे है। संचालन गोपाल शर्मा, राजेंद्र कुमार व्यास ने किया।

## कत्थक कलाकारा ने विद्यालयों में दी प्रस्तुति

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** सोसाइटी फार द प्रमोशन आफ इण्डियन क्लासिकल म्यूजिक एण्ड कल्चर अमंगस् यूथ चैप्टर द्वारा कत्थक की कार्यशाला आयोजित की गई। कलाकार तबस्समी पाल मजूमदार द्वारा राउमावि पुरूषार्थी में प्रस्तुति दी गयी। जहाँ उप प्रधानाचार्य लक्ष्मी महाजन ने कलाकार का स्वागत किया। दूसरी प्रस्तुति मेजर नटवर सिंह विद्यालय शास्त्री नगर में आयोजित हुई। जहां उप प्रधानाचार्य शंभू लाल भट्ट, विमला चौधरी, प्रतिमा शर्मा, मधुबाला आगाल, अर्चना त्रिपाठी आदि उपस्थित थे। अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग से प्रमोद दशोरा, लीला चतुर्वेदी, हेमंत कुमार शर्मा, डॉ विनय शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे। दोनों जगह पर कलाकार द्वारा तीन ताल 16 मात्रा में बंदिश, परम, तोड़ा, ठुमरी, एक मात्रा में सम, टुकड़ा प्रस्तुत किया। उन्होंने कत्थक में खड़े होने का तरीका सहित अन्य विधाएं बच्चों को मंच पर बुलाकर समझाई। गजानन वंदना की जिसमें बड़ी सूंड, बड़े कान, हाथ में मोदक आदि का वर्णन करते हुए नृत्य किया। जे.पी.भटनागर ने बताया कि आज महात्मा गांधी विद्यालय सिंहपुर में 10:30 बजे तथा राउमावि सिंहपुर में 12.00 बजे नृत्य की कार्यशालाएं होगी।

## माधव विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की ओर से आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित

» **जागरूक जनता @ आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की ओर से हिंदी पखवाड़ा के तहत आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बी.एड द्वितीय वर्ष से तमन्ना रावल, विनीता, मुस्कान, ललित कुमार, निकिल, शैलेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, नरेश कुमार तथा बी.ए.बी.एड से मनीषा राजपुरोहित, रितिका, अनिल कुमार, अर्जुन कुमार, जगदीश कुमार, मिताली चौहान, दिशा जांगिड़, ज्योतिका जांगिड़ और बी.एल.एड से आदित्य सिंह व प्रियंका रावल ने सहभागिता की। कार्यक्रम मे डीन डॉ.अवधेश आढा, डॉ. दीपक पंचोली, डॉ. सत्यप्रकाश तिवारी, डॉ. सुजान पटेल, डॉ.अखिलेश कुमार, श्री गोविंद कुमार सहित स्टाफ़गण तथा छात्रध्यापक मौजूद रहे । कार्यक्रम संचालन गोविंद कुमार परमार ने किया

## भादवा में छलके जिले के बांध तालाब

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** आषाढ और सावन मास में भले ही इंद्रदेव रूठे रहे हो, लेकिन भाद्रपद माह में आखिर इंद्रदेव पसिजे, जिसके फलस्वरूप जिले के अधिकांश बांध, तालाबों के साथ नदी नालो में अच्छी आवक होने के साथ ही कई बांध तालाब छलक गये है। जिले के सबसे बड़े गंभीरी बांध में उपरी क्षेत्र से पानी की आवक के फलस्वरूप बांध के चार छोटे गेट खोलने पड़े जिन्हें दो दिन बाद बंद करने के बाद भी बांध पर रपट चल रही है, जिससे गंभीरी नदी में जल प्रवाह जारी है। इसी प्रकार ओराई, डोराई, मातृकुण्डियां, बस्सी बांध सहित अन्य बांध तालाबों में पानी की अच्छी आवक हो चुकी है, जिससे वे छलक रहे है। दूसरी ओर कपासन, भोपालसागर, सांवरिया सरोवर, घोसुंडा बांध में पानी की आवक जारी है।

## अग्रवाल समाज विकास संस्थान के अध्यक्ष पद पर पवन निर्वाचित

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** अग्रवाल विकास संस्थान के अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु समाज के सभी सदस्यो की बैठक मांगलिक भवन पर रखी गई थी, इसमें संस्थान के सभी सदस्यों ने भाग लिया। अग्रवाल विकास संस्था के अध्यक्ष का चुनाव में तीन उम्मीदवार रमेश, सत्यनारायण एंव पवन अग्रवाल प्रत्याशी बने। सहमति न बनने पर वोटिंग की प्रक्रिया के द्वारा अग्रवाल विकास संस्था के अध्यक्ष का चुनाव अधिकारी सुमित अग्रवाल द्वारा निष्पक्ष साफ सुथरे तरीके से चुनाव की प्रक्रिया अपनाई गई। 85 प्रतिशत सदस्यो ने मतदान में हिस्सा लिया। अग्रवाल समाज को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए निर्वाचित प्रक्रिया द्वारा चुनाव करके अपने नए अध्यक्ष पवन अग्रवाल को चुना गया। चुनाव की इस प्रक्रिया में उपस्थित समाजजन दिनेश, नेमीचंद, आशीष, प्रमोद, हर्षल, शैलेंद्र, अशोक, शैलेंद्र, मनोज, ओम प्रकाश, पंकज, राजू, महेश, रमेश, घनश्याम, बसंत कुमार, बद्री, विनोद, उमेश, रमेश, रवि, मोतीलाल, पवन, नरेश बंसल, सुनील, सत्यनारायण, नेमीचंद सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

## आरक्षण से वंचित एससी, एसटी की समर्थन रैली आज

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण वर्गीकरण के निर्णय को लेकर समस्त वंचित अनुसूचित जाति, जनजाति समाज द्वारा 11 सितम्बर को निकाले जाने वाली समर्थन रैली को लेकर तैयारिया पूर्ण की जा रही है। दिलीप बेनीवाल ने बताया कि 1 अगस्त के कोर्ट के निर्णय के स्वागत के समर्थन में रैली आयोजन में समस्त वंचित अनुसूचित जाति, जनजाति समाजजन 11 सितम्बर को प्रातः 10 बजे किला रोड़ स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल पर एकत्रित होंगे जहाँ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली के रूप में रवाना होंगे। भील, सहरिया, वाल्मीकि, गरासिया, कथोड़ी, डामोर, नट, नायक, धानक, धानका, धोबी, सांसी, कंजर, कालबेलिया, भाण्ड, ढोली, कामड़, सपेरा, बावरी, गवारिया, गांछा सहित कई वंचित अजा, जजा जातियों द्वारा बैठकें आयोजित कर समर्थन रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया।

### जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन

## विभिन्न सरकारी स्कीम में जो लंबित आवेदन पत्र है उनका शीघ्र करें निस्तारण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी अभिषेक चारण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। एसडीएम ने विभिन्न सरकारी स्कीम में जो लंबित आवेदन पत्र है उनका निस्तारण शीघ्र करने के लिए कहा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेंद्र कुमार पुरोहित ने उनके विभाग की विकलांगों के लिए चल रही ऋष्ण योजनाएं में लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण शीघ्र करने के लिए कहा आरबीआई के एल्डियो गौरव गुप्ता ने एफएलसी कैंप नियमित रूप से आयोजन के लिए कहा एवं अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल मोड पर जोड़ने के निर्देश दिए।

नाबार्ड के अधिकारी डॉ. दिनेश प्रजापति ने जिले में चल रहे पांच एफपीओ के बारे में जानकारी दी, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबधक हितेश पुरोहित ने सामाजिक सुरक्षा योजना में इस महीने पूरे जिले में उनके ब्रांचो द्वारा 5000 जन धन खाता खोलने का वादा किया लीड बैंक अधिकारी उम्मेद राम मीणा में जिला में साख अनुपात को 60 प्रतिशत करने के लिए कहा एवं विभिन्न योजनाओं में अधिक से अधिक लोन देने के लिए सभी बैंकर से अनुरोध किया।

मीणा आरबीआई के 90 वर्ष के उपलक्ष में जो ऑनलाइन क्विज कोलेज विधार्थियो के लिए चल रही है उसके बारे में विस्तार से बताया अंत में सभी पधारे हुए बैंकर्स एवं सरकारी अधिकारियों का लीड बैंक अधिकारी उम्मेद राम मीणा ने मीटिंग का समापन किया। इस मौके पर आर सेटी निदेशक कैलाश गहलोत जिला उद्योग केंद्र के जीएमसी सहीराम भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबधक हरि सिंह गहलोत लीड बैंक से राजू भरत और जिले के सभी बैंकर्स के जिला कॉर्डिनेटर उपस्थित थे।

## माधव विवि के विधि संकाय की ओर से विधिक जागरूकता कायर्क्रम आयोजित



» **जागरूक जनता @ आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से काछौली के ग्राम पंचायत भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विधि विभाग के अधिष्ठाता डॉ. डी.के. उपाध्याय ने बताया कि ग्रामीण नागरिकों को विधिक अधिकारों से अवगत करवाकर साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। इस शिविर में विधि संकाय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया । शिविर में विधि संकाय के डॉ. विद्या शक्तावत, डॉ संदीप गहलोत, डॉ रोहिताश मीना, डॉ सुरेश त्रिवेदी, डॉ सुरेंद्र मीना, डॉ दुष्यंत कुमार, अरविंद राजपुरोहित, मानवेंद्र सिंह एवं विशाल दाना मौजूद रहे।

## चैधरी ने जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण किया


» **जागरूक जनता @ सिरोही।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2014 बैच की अधिकारी अल्पा चैधरी ने सोमवार को जिला कलेक्टर



एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया व शुभकामनाएं दी। चैधरी राज्य के मत्स्य विभाग,जयपुर में निदेशक पद से स्थानांतरित होकर आई है। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाश चंद अग्रवाल एवं लेखाधिकारी भुपेन्द्र मकवाना समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 2 अक्टूबर से अभियान बदलेगा गांवों की सूरत, ओडीएफ प्लस को बनाया जाएगा मॉडल

» **जागरूक जनता @ भरतपुर।** जिले के डीग में गांवों को स्वच्छ एवं सुंदर करने के बरसों पहले शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शुरू किया। अब यही स्वच्छ भारत मिशन फिर गांवों की दशा बदलने वाला है। दो अक्टूबर से शुरू होने वाले अभियान के द्वितीय चरण में फिर से गांवों की तस्वीर बदलने की कवायद शुरू होगी। वहीं, गांवों की सड़कें चकाचक होने के साथ नालियों की भी नियमित साफ-सफाई होगी। सरकार ने ओडीएफ प्लस पंचायतों के गांवों को मॉडल बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। अभियान को लेकर सितंबर माह में ही ग्राम पंचायतों में टेंडर होंगे। वहीं बड़ी ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों से स्वच्छता शुल्क भी वसूला जाएगा अभियान को लेकर पंचायती राज विभाग के शासन सचिव ने सभी तैयारियों को लेकर वीसी में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों के पास स्वच्छता को लेकर अतिरिक्त बजट नहीं होने से ग्राम पंचायतें नियमित रूप से साफ सफाई नहीं करा पा रही थी।



केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने ली पोकरण में जिला अधिकारियों की बैठक

# अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को शीघ्र ही सहायता उपलब्ध करायें-केन्द्रीय मंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जैसलमेर/जोधपुर।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने पोकरण एवं जैसलमेर क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे कर शीघ्र ही पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाने के अधिकारियों को निर्देश दिये। केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने कहा कि फलसूण्ड एवं फूलासर क्षेत्र में जहां भी वर्षा से पानी का भराव है वहां सिंचाई अभियन्ताओं का सहयोग लेकर शीघ्र ही पानी निकासी कराने के निर्देश दिये। उन्होने यह भी हिदायत दी कि अतिवृष्टि से प्रभावित कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित नहीं रहे यह सुनिश्चित करें।



केन्द्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत पंचायत समिति सांकड़ा के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक के दौरान यह निर्देश दिये। बैठक में जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला कलक्टर प्रतापसिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, पंचायत समिति सांकड़ा के प्रधान भगवतसिंह तंवर, नगरपालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर मनीराम बागड़िया, पूर्व विधायक सांगसिंह भाटी, शैतानसिंह राठौड़, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश सारदा, पूर्व प्रधान सुनिता भाटी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने बैठक में अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों के साथ ही जिन किसानों की फसलें नुकसान हुई है उसके बारे में अधिकारियों से फीडबेक लिया एवं जिला कलक्टर को कहा कि वे अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों की शीघ्र ही गिरदावरी करावें। जिला कलक्टर प्रतापसिंह ने बताया कि 15 अगस्त से गिरदावरी का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है एवं शीघ्र ही गिरदावरी करवा दी जायेगी। केन्द्रीय मंत्री ने अतिवृष्टि के कारण पशुधन का नुकसान हुआ है उसका भी सर्वे करवाकर सहायता दिलाने की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये।

केन्द्रीय मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे टीम भावना से कार्य कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लागू कर पात्र लोगों को लाभान्वित करें एवं बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की समय पर क्रियान्विती कर जिले के चहुमुंखी विकास में अपनी अहम भागीदारी अदा करें। बैठक में पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला कलक्टर प्रतापसिंह, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने भी अपने सुझाव रखें।

### केन्द्रीय मंत्री ने पंचायत समिति सभागार में नव निर्मित अनुभागों का किया उद्घाटन

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने बैठक से पूर्व पंचायत समिति परिसर में नव निर्मित सभा भवन व उसमें बनाये गये विभिन्न नये अनुभागों का फीता काटकर एवं अनावरण पट्टिका का लोकार्पण किया। केन्द्रीय मंत्री के साथ ही अन्य अतिथियों ने इसका अवलोकन किया एवं कहा कि आधुनिक तरीके से बनाये गये अनुभागों में बैठकर और अधिक मुश्तैदी से कार्य करेंगे।

## एक शाम वीर तेजाजी के नाम का पोस्टर का विमोचन, भजन संध्या कल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**धोरीमन्ना।** क्षेत्र के भीमथल स्थित महादेव की पाल में 12 सितंबर को एक शाम वीर तेजाजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसका आज पोस्टर विमोचन किया। भजन संध्या में तेजा गायन के सुप्रसिद्ध कलाकार तुलसाराम भनगावा सहित पार्टी के द्वारा किया जाएगा। युवा नेता ताजाराम सियाग ने बताया कि 12 सितंबर शाम को एक शाम वीर तेजाजी के नाम विशाल भजन संध्या के पोस्टर के विमोचन गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति मे हुआ। निर्माणाधीन




मन्दिर को लेकर विशेष वार्ता व पोस्टर विमोचन,भव्य जागरण को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। व्यवस्थाएं एवं वोलेंटियर को जिम्मेदारीयां नियुक्त करके आयोजन की जिम्मेदारी दी। इस दौरान भीमथल सरपंच रामाराम डउकिया, समाजसेवी हनुमानराम जांदू, युवा नेता ताजाराम सियाग, डबोई सरपंच हरीराम जाजड़ा, शिक्षाविद् खेताराम जाखड़, रुप सिंह जाखड़, चुनाराम, रावताराम, वालाराम जाणी, मिसराराम सहित बड़ी संख्या में लोग रहें मौजूद।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



» **जागरूक जनता @ आबूरोड़।** माधव विश्वविद्यालय के माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की ओर से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान डीन और प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार बेहेरा ने पोषण के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर जोर दिया। सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक भटनिया ने विचार प्रस्तुत किए। सहायक प्राध्यापक डॉ. पारुल सिंह ने माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की ओर से कार्यशाला भी आयोजित की। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. बृजेंद्र कुमार गौतम, प्रो-चांसलर, माधव विश्वविद्यालय, उपस्थित रहे। समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया और आयोजन समिति के सभी सदस्यों को इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया गया।

सेंट्रल कोलकाता इकाई के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# उत्साह से मनाया नन्दोत्सव



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की .... बीते दिनों सेंट्रल कोलकाता इकाई के तत्वाधान में साल्ट लेक सिटी,कोलकाता के सभागार में हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि नंद उत्सव कार्यक्रम, भगवान श्री अग्रसेन जी के सिद्धांतो को कार्यकारी करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों द्वारा सनातन संस्कृति को बनाए रखना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी वर्ग के सदस्यों ने करी सहभागिता,संस्था के प्रयासों की हुई सराहना।

कार्यक्रम का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल एवं साथ में धर्मपत्नी रंजू मित्तल, अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया, धर्मपत्नी सुलेखा भरतीया, केंद्रीय मुख्यालय मुख्य प्रबंधक आलोक चौधरी, राष्ट्रीय चेयरमैन अग्रनिधि कोष योजना संगीता सेक्सरिया, वाइस चेयरमेन रेणु अग्रवाल एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा बालगोपाल कृष्ण के अभिषेक एवं पूजन से किया गया।

कलाकारों द्वारा कृष्ण जन्म का चित्रण किया गया। सम्पूर्ण कृष्ण लीला, कालिया मर्दन, गोवर्धन पर्वत, महारास का मनमोहक मंचन किया गया। बाल कृष्ण ने मटकी फोड़कर नंद उत्सव संपन्न किया। कार्यक्रम में कृष्ण राधिका के नृत्य, भजनों एवं मंच पर भजन गायिका गीतिका तुलस्यान द्वारा प्रस्तुति से प्रांगण को कृष्णमय कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन सेंट्रल कोलकाता इकाई की अध्यक्षा संतोष अग्रवाल, सचिव सुभाष सराफ, उपाध्यक्ष राम प्रसाद सराफ, उपाध्यक्ष अमर भरतिया, उपाध्यक्ष विनोद बंसल, उपाध्यक्ष रश्मि टांटिया, मुख्य सलाहकार कमल अग्रवाल, सहकोषाध्यक्ष एकता जयपुरिया, संदीप सेकसरिया, दिनेश खेमका, सरिता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, सुनीता शारदा, सुनील जैन, सुनीता जैन, स्मिता जालान, रीना तुलस्यान, उषा बुबना, पायल सिंघानिया, दुर्गा देवी सिंघानिया, भव्या सिंघानिया, पूजा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, श्रद्धा हमीरवासिया, रुचि लक्कड़, किरण मस्कारा, मीना अग्रवाल, रेखा गोयनका, उषा टिबरेवाल, उषा मस्कारा, रमेश लाड़सरिया, संजय कुमार शाह, अनिता शाह, कृति संघई, ललित चौधरी, संगीता चौधरी, रेखा मित्तल, मनोज मित्तल, राजीव जालान, उषा लाठ, संजय लाठ, उषा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रुक्मणि लाठ, दीपा अग्रवाल, संतोष फोगला, सुनील जोधानी, गरिमा अग्रवाल, सुनील खेतान, भजन गायिका सरोज शर्मा, सुधा श्रीवास्तव एवं अतिथियों व समाज बंधुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन में चार चांद लगाया।

कार्यक्रम अंतर्गत कृष्णा का जन्मोत्सव केक काट कर मनाया गया व प्रसाद स्वरूप माखन मिश्री हांडी एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन महा प्रसाद से किया गया।

# माधव विवि की ओर गणपति महोत्सव में लगाया 1 लाख लड्डुओं का भोग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** माधव विश्वविद्यालय की ओर से गणपति महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय परिसर में विधि विधान के साथ गणपति की प्रतिमा स्थापित की गई। गणपति प्रतिमा स्थापित करने से पूर्व विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विश्वविद्यालय के स्टाफ ने हिस्सा लिया। ढोल बाजों के साथ नाचते गाते यह शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के दौरान आतिशबाजी की गई। विश्वविद्यालय के चैयरमैन प्रो. राजकुमार ने बताया कि गणपति महोत्सव के मौके पर यहॉ 1 लाख लड्डुओं का भोग गणपति



को लगाया गया। ये सभी लड्डु विश्वविद्यालय में ही बनवाये गये। इन लड्डुओं के प्रसाद का वितरण विश्वविद्यालय व आस पास के गॉवों में किया गया। यह गणपति महोत्सव का कार्यक्रम 10 दिनों तक आयोजित किया जायेगा इस दौरान यहॉ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें। कार्यक्रम के दौरान प्रो. चान्सलर प्रो. बिजेन्द्रकुमार गौतम, रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, डॉ. भारती, महेन्द्रसिंह गुर्जर, चिराग मालवीया, अभिषेक मीणा एवं समस्त विभागों के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष तथा छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

# बच्चों की नि :शुल्क वितरित की एनएमएमएस की पुस्तकें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** शहीद दीपचंद वर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावड़ी, महात्मा गांधी विद्यालय बावड़ी, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बावड़ी में कक्षा आठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए नेशनल मींस कम स्कॉलरशिप एग्जाम की रामावतार भदाला एवं महेंद्र बाजिया द्वारा लिखित नवीनतम पाठ्यक्रम आधारित पुस्तक शीशपाल सिंह बाजिया ग्राम सेवा सहकारी अध्यक्ष द्वारा बच्चों को निःशुल्क वितरित की गई। भामाशाह सहकारी अध्यक्ष शीशपाल बाजिया ने शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए नेशनल मींस कम स्कॉलरशिप परीक्षा में विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों की सहभागिता



सुनिश्चित करके अतिरिक्त कक्षाओं के आयोजन द्वारा इस परीक्षा में अपने विद्यालयों से अधिकतम चयन करवाइए ताकि विद्यार्थियों को केंद्र सरकार की इस छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके और सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ सके।

नेशनल मींस कम स्कॉलरशिप परीक्षा के फॉर्म प्रतिवर्ष शाला दर्पण से निःशुल्क भरे जाते हैं जो सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत होता है वह परीक्षा दे सकता है इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थी को कुल 48000 रुपए जो प्रति वर्ष 12000 रूपये के हिसाब से चार वर्ष तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस अवसर पर प्रकाश मीणा चौथमल मौका, रामावतार बगड़िया, रघुनाथ प्रसाद, सागरमल जांगिड़, अर्जुन लाल, राकेश कुमार, संदीप कुमार सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित् रहा। संस्था प्रधान सुशीला कुमारी ने विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह परिवार का आभार जताया।

## राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर बीकानेर लौटने पर चौधरी का किया स्वागत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** राष्ट्रपति द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 प्राप्त कर बीकानेर जिले में आगमन पर हुकमचन्द चौधरी का स्वागत सम्मान किया गया । सैकड़ो की संख्या में उपस्थित शिक्षकों, मित्रों व परिवारजनों द्वारा स्वागत कार्यक्रम कर लालगढ़ रेलवे स्टेशन से उनके निवास तक स्वागत रैली निकाली गई।



बीकानेर के लिए बहुत ही गर्व का पल है जब राष्ट्रीय स्तर पर बीकानेर का नाम चमकाने के काम बीकानेर के डिजिटल गुरु जी के नाम से अपनी पहचान रखने वाली शिक्षक हुकम चंद चौधरी द्वारा किया गया है। विदित रहे की उनके नवाचारों ने बीकानेर को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने का काम किया है उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप व कबाड़ से जुगाड़ की थीम पर बनाए गए विभिन्न साइंस प्रोजेक्ट राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर अपनी इच्छा छोड़ चुके हैं उनके छात्रों को राष्ट्रीय राज्य स्तर पर कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

## एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने की डिजिटल सखी प्रोजेक्ट की शुरुआत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ।** देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में शामिल एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने राजस्थान के उदयपुर, राजसमंद और चित्तौड़गढ़ में अपनी फ्लैगशिप कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व परियोजना डिजिटल सखी की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के डिजिटल और वित्तीय समावेशन वर्टिकल के तहत की गई है। डिजिटल सखी का उद्देश्य डिजिटल वित्तीय साक्षरता के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाना है ताकि वे अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ आजीविका के स्थायी साधन पैदा कर सकें। कंपनी इन उद्देश्यों को हासिल कर ग्रामीण महिलाओं और उनके परिवारों के जीवन में महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव लाना चाहती है। साथ ही इससे ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन, उद्यमशीलता और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। डिजिटल सखी कार्यक्रम सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल लैंगिक समानता पर केंद्रित है। इसकी मदद से ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को डिजिटल वित्तीय साक्षरता, नेतृत्व और प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर व्यापक रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। एलटीएफ के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा कि नौ राज्यों में डिजिटल सखी परियोजना के सफल क्रियान्वयन के बाद राजस्थान में अपने प्रमुख सीएसआर प्रोजेक्ट को लॉन्च कर प्रसन्नता हो रही है।

## नेशनल न्यूट्रिशन सप्ताह के तहत अवार्ड समारोह आयोजित



» **जागरूक जनता @ आबूरोड़।** माधव विश्वविद्यालय के कृषि विभाग की ओर से नेशनल न्यूट्रिशन सप्ताह का अवार्ड समारोह आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रतिभागियों को भी पुरस्कार वितरण किए गए। नेशनल न्यूट्रिशन सप्ताह 2024 के इस अवसर पर कॉलेज आफ एग्रीकल्चर के डीन प्रो (डॉ) वी आर पटेल ने बताया कि यह प्रोग्राम सभी ने बहुत अनुशासित रूप से आयोजित किया। सभी बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस कार्यक्रम से सभी विद्यार्थी अधिक से अधिक लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में प्रोफेसर गीतम सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। सप्ताह के दौरान हमारे सभी स्टूडेंट्स ने पोषण के

# विद्यालय की टपकती छत से विद्यार्थी परेशान, सुध लेने वाला कोई नहीं...

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पिण्डवाडा।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत आमली के खाराफली राजकीय प्राथमिक विद्यायल का भवन जर्जर होने से विद्यार्थीयों को टपकती छत के नीचे बैठने को विवष है, लेकिन इन विद्यार्थीयों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय खाराफली में भवन पुराना होने के कारण जर्जर हो गया है तथा कमरो में पानी टपकता है तथा उपर से चुना व सीमेन्ट गिरता है। वही विद्यायल का बरामदा व रसोई घर भी जर्जर हो चुके है। जिसको लेकर प्रधानाध्यापक ने प्रधानाचार्य आमली, प्रबन्धक



नाथद्वारा सीमेन्ट को लिखा गया, लेकिन इन बच्चों की सुध न तो प्रषासन ने ली और न ही फैक्ट्री प्रबन्धन ने। जबकि आज भी आदिवासी बच्चें जर्जर भवन व टपकती छत के नीचे बैठने को विविष है। वही ग्रामीणों की माने तो जर्जर भवन के कारण विद्यायल में कभी भी बडा हादसा घटित हो सकता है।

**मेरे** द्वारा फैक्ट्री प्रबन्धन को सीआरसी फण्ड द्वारा विद्यालय भवन के लिए लिखा गया है, लेकिन अभी तक मरम्मत नहीं हुई है। ग्राम पंचायत द्वारा फैक्ट्री प्रबन्धन या रमसा या अन्य योजनाओं में विद्यालय का मरम्मत कार्य करवाने का प्रयास किया जायेंगा।
**वीराराम ग्रासिया** सरपंच आमली

**विद्यायल** मरम्मत कार्य को लेकर ग्राम पंचायत व विद्यायल पीओं को बताया गया, लेकिन समय पर ध्यान नहीं देने से बच्चों को टपकती छत में के नीचे बैठना पड रहा है। तथा कभी भी बडा हादसा हो सकता है।
**पप्पु भाई,** ग्रामीण तालाबफली


## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

## जागरूक खबरें

### ■ पीएम मोदी चौथे री-इन्वेस्ट 2024 का करेंगे उद्घाटन



» जागरूक जनता @ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिन्यूएबल एनर्जी के लिए चौथे री-इन्वेस्ट 2024 का उद्घाटन करेंगे। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन गुजरात में 16 से 18 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को दी। उन्होंने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य को पूरा करने के लिए 30 लाख करोड़ रुपए की जरूरत है।

### ■ दिल्ली में दिवाली पर पटाखों पर बैन

» जागरूक जनता @ नई दिल्ली। दिल्ली में इस साल भी दीवाली पर पटाखों पर रोक रहेगी। दिल्ली सरकार ने सर्दियों के मौसम में बढ़ते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए यह फैसला लिया। दिल्ली सरकार ने पटाखों के निर्माण, स्टोरेज, बिक्री और यूज पर प्रतिबंध लगाने का फै सला किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि 1 जनवरी 2025 तक पटाखों की ऑनलाइन बिक्री और डिलीवरी पर भी बैन रहेगा।

### ■ किसानों को विशिष्ट पहचान पत्र देगी सरकार


» जागरूक जनता @ नई दिल्ली। सरकार किसानों को आधार की तरह का विशिष्ट पहचान पत्र देगी। इसके लिए पूरे देश में शिविर लगाए जाएं गे। इस पहचान पत्र के जरिये किसानों को आसानी से सरकारी स्कीम का लाभ दिया जाएगा। साथ ही बार-बार सत्यापन कराने की जरूरत भी नहीं होगी। यह जानकारी कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को दी। चतुर्वेदी ने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश जल्द ही जारी किए जाएं गे, जिसका कार्यान्वयन अक्टूबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा।

जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी ने पीएम और BJP के बारे में कही अपने मन की बात

# "मैं PM Modi से नफरत नहीं करता"

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नफरत नहीं करते हैं। वास्तव में वह उनसे सहानुभूति रखते हैं। अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में एक इंटरव्यू के दौरान राहुल गांधी ने कहा, "आपको आश्चर्य होगा लेकिन मैं वास्तव में नरेंद्र मोदी से नफरत नहीं करता हूं। उनका एक दृष्टिकोण है और मैं उनके दृष्टिकोण से सहमत नहीं हूं। उनका एक अलग दृष्टिकोण है और मेरा एक अलग दृष्टिकोण है लेकिन मैं उनसे नफरत नहीं करता हूं।"



### 'संविधान पर हमले को भारत के लोग नहीं करेंगे बर्दाश्त'

**राहुल** गांधी ने बातचीत में यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद "लोगों में भाजपा का डर" गायब हो गया है। उन्होंने कहा, "चुनाव परिणाम आने के कुछ ही मिनटों के बाद, कोई भी भाजपा और भारत के प्रधान मंत्री से नहीं डरने लगा। ये राहुल गांधी या कांग्रेस की नहीं बल्कि भारत के लोगों की बहुत बड़ी उपलब्धियां हैं कि उन्होंने महसूस किया कि हम संविधान पर किसी भी हमले को स्वीकार नहीं करेंगे।"

### भारत में रोजगार बड़ी समस्या, चीन में नहीं है

**भारत** में बेरोजगारी के मुद्दे पर बोलते हुए कांग्रेस नेता ने चीन से तुलना की। उन्होंने कहा, "पश्चिम में रोजगार की समस्या है। भारत में रोजगार की समस्या है लेकिन दुनिया के कई देशों में रोजगार की समस्या नहीं है। चीन में निश्चित रूप से रोजगार की समस्या नहीं है। वियतनाम में रोजगार की समस्या नहीं है। इस ग्रह पर ऐसे स्थान हैं जो बेरोजगारी से नहीं जूझ रहे हैं।

### भारत समेत इन देशों ने उत्पादन का विचार छोड़ दिया इसलिए

**नेता** प्रतिपक्ष गांधी ने कहा कि चीन के विकास के पीछे एक कारण है। उन्होंने कहा कि यदि आप 1940, 50 और 60 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका को देखें तो वो वैश्विक उत्पादन का केंद्र थे। कार, वॉशिंग मशीन, टीवी, सभी संयुक्त राज्य अमेरिका में बने। संयुक्त राज्य अमेरिका से उत्पादन स्थानांतरित हुआ। यह कोरिया गया, जापान गया और आखिरकार अब यह चीन के पास पहुंच गया। अगर आप आज देखें तो चीन वैश्विक उत्पादन पर हावी हो रहा है। पश्चिम, अमेरिका, यूरोप और भारत ने उत्पादन का विचार छोड़ दिया है और उन्होंने इसे चीन को सौंप दिया है। उत्पादन से रोजगार पैदा होता है। हम क्या करते हैं, अमेरिकी क्या करते हैं, पश्चिम क्या करते हैं, क्या हम उपभोग को व्यवस्थित करते हैं?"

### राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा हैं-भाजपा


**वहीं,** दूसरी ओर राहुल गांधी के अमेरिका में दिए जा रहे बयानों को लेकर भारत में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां भी सक्रिय हो गई हैं। भाजपा ने राहुल गांधी की टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि वह भारतीय लोकतंत्र पर एक "काला धब्बा" हैं। भाजपा के गौरव भाटिया ने मीडिया से कहा, "हर कोई जानता है कि राहुल गांधी एक अपरिपक्व और अंशकालिक नेता हैं लेकिन लोगों ने उन्हें विपक्ष का नेता बनाकर उनके कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी डाल दी है। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र में एक काला धब्बा हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि जब वह किसी विदेशी देश का दौरा करते हैं तो क्या बात करनी है।"

### कांग्रेस ने चीन के साथ किया था एमओयू

**गौरव** भाटिया ने कहा कि राहुल "चीन के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोल सकते या बयान नहीं दे सकते"। "वह भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। वह चीन के साथ खड़े हैं।" उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में "चीन के साथ पार्टी-टू-पार्टी समझौता ज्ञापन" पर हस्ताक्षर किए थे।"राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए जो प्रयास कर रहे हैं, वह उसी एमओयू का नतीजा है। अगर मैं गलत हूं, तो मैं राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष को एमओयू को सार्वजनिक करने की चुनौती देता हूं।"

# चांद पर भूकंप!

## चंद्रयान-3 के लैंडर ने चंद्रमा पर दर्ज किए भूकंप के 250 झटके



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश के सफलतम वैज्ञानिक मिशनों में से एक चंद्रयान-3 ने चंद्रमा की सतह पर भूकंपनीयता का अध्ययन कर यह साबित किया है कि वहां भी पृथ्वी की तरह झटके आते हैं। चंद्र सतह पर भूकंप के ये झटके उल्कापिंडों के प्रहार अथवा तापीय कारणों से हो सकते हैं। चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम के साथ भेजे गए पांच वैज्ञानिक उपकरणों (पे-लोड) में से एक इंस्ट्रूमेंट फॉर लूनर सिस्मिक एक्टिविटी (इलसा) ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय प्रदेशों में 250 से अधिक चंद्र भूकंपीय झटके दर्ज किए हैं। इनमें से लगभग 200 भूकंपीय संकेत, चंद्रयान-3 मिशन के साथ भेजे गए रोवर प्रज्ञान की पदचाप या अन्य उपकरणों के संचालन के दौरान दर्ज किए गए। लेकिन, शेष 50 संकेतों का संबंध रोवर या लैंडर विक्रम के किसी उपकरण के संचालन से नहीं हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन 50 संकेतों का संबंध चंद्रमा की भूकंपीय गतिविधियों से हो सकता है। अमरीका के अपोलो मिशन के दशकों बाद यह पहला अवसर है जब, चंद्रमा की भूकंपनीयता का अध्ययन किया गया है।

# भारत में हर वर्ष बनेंगे 30 सुखोई, इंजन की आपूर्ति करेगा एचएएल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ सुखोई-30 MKI विमानों के लिए 240 एएल- 31 एफपी एयरो इंजन बनाने जा रहा है। इसके लिए लिए रक्षा सचिव गिरिधर अरामने और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह खरीद 26 हजार करोड़ की होगी। इस अपग्रेडेशन के बाद भारत का यह सुखोई 78 फीसदी स्वदेशी हो जाएगा। सुखोई की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसा राडार, नये इंजन, IRST सेंसर, RWR, एडवांस जैमर, वैमानिकी, नए EW सूट, DFCC, भारतीय मिसाइलें और बम लगाए जाने हैं। इसके सुखोई पूरी तरह से बदल जाएगा। इससे वायु सेना के बेड़े को नई ताकत मिलेगी। इन हवाई इंजनों का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा।



### हर साल 30 सुखोई होंगे तैयार

**हिन्दुस्तान** एयरोनाटिक्स लिमिटेड (HAL) हर साल 30 इंजन की आपूर्ति करेगा। इसके साथ ही हार साल 30 सुखोई अपग्रेड किए जाएंगे। 2032 तक सुखोई 30 का पूरा बेड़ा ही अपग्रेड कर दिया जाएगा। डिलीवरी कार्यक्रम के अंत तक एचएएल स्वदेशीकरण सामग्री को 63 प्रतिशत तक बढ़ा देगा, जिससे इसका औसत 54 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इससे हवाई इंजन के मरम्मत कार्यों में स्वदेशी सामग्री को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
»मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
»सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
»असाध्य घाव/शुगर के घाव
»कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
»अचानक बहरापन (Hearing Loss)
»डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

जीएसटी काउंसिल की बैठक: फिटमेंट कमेटी करेगी फैसला

# डेबिट, क्रेडिट कार्ड से 2 हजार के ट्रांजेक्शन पर 18% जीएसटी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की बैठक सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हो गई है। इस बीच सबसे अधिक चर्चा डेबिट और क्रेडिट कार्ड से 2,000 रुपये तक के छोटे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए बिलडेस्क और सीसीएवेन्यू जैसे भुगतान एग्रीगेटर्स पर 18% जीएसटी लगाए जाने को लेकर होने वाले ऐलान पर नजर थी। लेकिन इसे लेकर कोई फैसला नहीं लिया जा सका है और इस मामले को फिलहाल फिटमेंट कमेटी के पास भेज दिया गया है।



### 80% ट्रांजैक्शन 2000 से कम

**इंडिया** में टोटल डिजिटल पेमेंट्स में से 80%से ज्यादा ट्रांजैक्शंसन 2,000 रुपये से कम के होते हैं। 2016 में की गई नोटबंदी के दौरान सरकार की ओर से जारी एक सूचना के अनुसार, पेमेंट्स एग्रीगेटर्स को इन लेनदेन पर व्यापारियों को दी जाने वाली सेवाओं पर टैक्स लगाने से रोका गया था। एग्रीगेटर अभी व्यापारियों से प्रति ट्रांजैक्शन 0.5% से 2% तक शुल्क वसूलते हैं। ऐसे में अगर इन छोटे पेमेंट्स पर तस्ख़ लागू होता है, तो फिर इसके बाद पेमेंट्स एग्रीगेटर्स इस अतिरिक्त लागत को व्यापारियों पर डाल सकते हैं। फिटमेंट कमेटी के फैसले से यूपीआई के जरिए पेमेंट करने वालों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह सिर्फ डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड व नेट बैंकिंग द्वारा किए गए पेमेंट पर ही देनी होगी।

### फिटमेंट कमेटी करेगी फैसला

जीएसटी काउंसिल की बैठक में शामिल हुए उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि 54वीं जीएसटी मीटिंग में छोटे ऑनलाइन ट्रांजैक्शंस पर 18% जीएसटी लगाए जाने के बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि 2,000 रुपये से कम के ट्रांजैक्शन से होने वाली इनकम पर पेमेंट एग्रीगेटर्स पर ये टैक्स लगाने पर चर्चा की गई, लेकिन कोई फैसला नहीं लिया जा सका, जिसके बाद मुद्दे को फिटमेंट कमेटी के पास भेज दिया गया है, अब कमेटी इसे लेकर गहन विचार करने के बाद काउंसिल को रिपोर्ट सौंपेगी।







संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### हनुमानगढ़-गोगामेड़ी-हनुमानगढ़ मेला स्पेशल रेलसेवा का संचालन

» जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान में रेलवे प्रशासन की ओर से गोगामेड़ी मेले में आने वाले अतिरिक्त यात्रियों की संख्या को देखते हुए हनुमानगढ़ -गोगामेड़ - हनुमानगढ़ मेला स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने मंगलवार को बताया कि गाड़ी संख्या 04741, हनुमानगढ़ -गोगामेड़ी मेला स्पेशल 11 सितम्बर से 13 सितम्बर तक (तीन फेरे) तक हनुमानगढ से सुबह 09.00 बजे प्रस्थान करके 10.55 बजे गोगामेड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04742, गोगामेड़ी - हनुमानगढ़ मेला स्पेशल 11 सितम्बर से 13 सितम्बर तक (तीन फेरे) गोगामेड़ी से 11.20 बजे प्रस्थान करके दोपहर एक बजकर दस मिनट पर हनुमानगढ़ पहुंचेगी।

### कुलपति डॉ सिंह ने कहा शुद्ध वातावरण में शिक्षा प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी

# जोबनेर विश्वविद्यालय का 12वां स्थापना दिवस 13 को

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय,जोबनेर में 12वां स्थापना दिवस 13 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। स्थापना दिवस को लेकर रेडी छात्राओं में उत्साह नजर आया। इस दौरान रेडी छात्राओं ने मंगलवार को कॉलेज परिसर में पेड़ पौधों की देखभाल की। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह भी छात्राओं के साथ स्वयं काम करते नजर आए। डॉ बलराज सिंह ने रेडी छात्रों से वार्तालाप करते हुए बताया कि नीम जैसे पेड़ो में प्रसारण बीज के माध्यम से किया जाता है क्योंकि स्व-असंगतता( सेल्फ इनकंपेटिबिलिटी) के कारण नीम का सत्य प्रकार का पौधा नहीं बनाया जा सकता ,स्व-असंगतता का मतलब है कि एक पौधे का परागण उसी पौधे के ही परागण (पोलन) को अस्वीकार करता है। यह एक सुरक्षा तंत्र है जो पौधों में आनुवंशिक विविधता बनाए रखने में मदद करता है।उन्होंने बताया की किसी पौधे की स्व-असंगतता का निवारण उस पौधे के पोलिनाइजर को उसके आसपास उगाकर किया जा सकता है। डॉ बलराज सिंह ने बताया कि नीम के पत्तो और बीजों (निंबोली) से निकले गए पदार्थो का उपयोग प्राकृतिक कीटनाशकों के रूप में किया जा सकता है, जैविक खेती की स्थिति में नीम के उत्पाद फसलों में कीटों के नियंत्रण में रामबाण भूमिका निभाता है साथ ही पर्यावरण को अनुकूल बनाए रखने में मदद करता है

उन्होंने नीम की महत्ता को दर्शाते हुए कहा की नीम का उपयोग आयुर्वेद में विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है , यह त्वचा रोग, दांतो की समस्या, मलेरिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए लाभकारी माना जाता है। डॉ बलराज ने बताया कि महाविद्यालय में 800 नीम प्रजाति में मेलिया स्पीसीज के पौधे लगाने की कार्य योजना की तैयारी चल रही है जल्दी ही पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने ये भी बताया की बोगनविलिया की अलग अलग शाखाओं पर हार्ड वुड ग्राफ्टिंग करके एक ही पौधे से अलग-अलग रंग के फूल प्राप्त कर सकते हैं जो व्यापार का एक अच्छा स्त्रोत बन सकता हैं। इस दौरान डॉ एस पी सिंह, डॉ बी एस बधाला, डॉ बसंत भींचर, डॉ नरेन्द्र, डॉ. अरूण प्रताप सिंह, डॉ नवीन कुमार सहित सैकड़ों रेडी छात्राओं ने भाग लिया।

# माधव विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन विभाग की ओर से पीपीटी कार्यक्रम आयोजित



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष पीपीटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एमबीए, बीबीए, बीकॉम, और एमकॉम के विद्यार्थियों ने वाणिज्य और प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुति दी। स्लाइड के माध्यम से विद्यार्थियों ने बीमा, बैंकिंग, लेखांकन जैसे प्रमुख विषयों पर गहन जानकारी प्रदान की। यह कार्यक्रम विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. पार्वती कुमावत के निर्देशन में संपन्न हुआ। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक, डॉ. अतुल कुमार मिश्रा ने छात्रों को ट्रेनिंग, प्लेसमेंट और औद्योगिक भ्रमण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिससे विद्यार्थियों को करियर की दिशा तय करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. मुकेश महावर, डॉ. जीएस चौहान, डॉ. खुशबू शर्मा, इम्तियाज़ अब्बासी, विष्णु कुमार मोहरेशा और मो. अकील मनकोजिया सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने रुचिपूर्ण व ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों के माध्यम से कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आवारा सांड के आतंक से आमजन दहशत में, जिम्मेदार कौन? सवाल पर अफसर मौन

### रोजाना स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हो रहे शिकार

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** शहर में आवारा सांडो से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शहर में आवारा सांड लगातार लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। सब्जी मंडी हो या बस स्टैंड अथवा शहर की अन्य कोई जगह आवारा सांडों के आतंक से शहर का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। गत वर्ष में एक जने की सांड के हमले में मौत भी हुई थी। न जाने कितने लोग इनकी वजह से चोट खा चुके हैं। लेकिन सरकारी विभागों के पास मृतकों और घायलों का कोई आंकड़ा नहीं है। पंकज लखारा ने बताया की गौर करने वाली बात यह है बाहरी गोशालाऔ के रजिस्टर्ड सांड पीपाड़ बाजार में घुम रहे है जिनके उपर उनके टैग लगे हुए है और उन पर कई प्रकार के सरकारी अनुदान भी उठ रहे है और रही बात कुछ लोगो का कहना है की वन्यजीवों के हमले में घायल और मृतकों का पूरा रिकार्ड रखने के साथ वन विभाग मुआवजा भी देता है लेकिन शहरी क्षेत्र में नई समस्या बन चुके छुट्टा पशु अगर किसी के जीवन को खतरा पहुंचाएं तो उपचार कराने के पैसे भी जेब से भरने पड़ते हैं।

खास तौर पर शहर में व्यापारी वर्ग में बड़ा आक्रोश है उन्होंने समस्या को उजागर करते हुए अपनी पीड़ा बताई और कहा की घायलों के आंकड़े तो दूर की बात है। स्थायी समाधान के लिए सरकारी तंत्र को धरातल पर उतरना पड़ेगा। तभी शहर में और आस-पास में संचालित गोशालाऔ के सहयोग से शहर इस समस्या से बाहर आ सकेगा। बैठकें सिर्फ औपचारिकता पूरी कर सकती है। इनसे समाधान नहीं निकलता। उन्होंने कहां की 28 अगस्त को पीपाड़ उपखंड अधिकारी को इस गंभीर समस्या को लेकर ज्ञापन भी दिया गया लेकिन अभी तक किसी के कान पर जु तक नहीं रेंगी समय रहते अगर इस समस्या से निजात नहीं मिली तो सभी व्यापारी वर्ग द्वारा बाजार बंद कर शहर में उग्र आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा ।

शहरवासियों ने बताया कि दिनभर आवारा सांड यहां-वहां घूमते रहते है। जिससे शहर का आवागमन भी पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।



रोजाना आने-जाने वाले लोगों को सांड मारने दौड़ते है। अब तक कई लोग अब तक इनकी चपेट में आ चुके हैं। मंगलवार को व्यापारीगणों ने शहर के मुख्य सदर बाजार में पालिका प्रशासन के खिलाफ नारा बाजीकर गहरा आक्रोश जताया। इस दौरान वस्त्र व्यापार संघ के मंत्री दिनेश सैनी, कमल सोनी, हरिशंकर, अरविंद टाक, महेंद्र पटेल, सोहनलाल छिपा, सनातन गौ रक्षा सेवा समिति के पंकज लखारा,आशीष कुमार जैन, दिलीप छीपा, श्रवण छीपा, घीसुलाल सोलंकी, जितु सोनी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता व्यापारीगण मौजूद रहे।

> **शहर** में महिला, स्कूली बच्चों, दर्शनार्थी एवं वृद्धों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। आवारा जानवर शहर में गंदगी फैलाते हैं। रोजाना इनकी चपेट में आने से कोई ना कोई घायल हो रहा है।"
> **रामकिशोर टाक,** समाजसेवी, खाद बीज व्यापारी

> **आए** दिन अखबारों में खबरें आती रहती है, प्रशासन को इस पर कार्यवाही कर समाधान निकालना चाहिए। होता कुछ नहीं।
> **-सोहन लाल छिपा** दर्जी, व्यापारी

# छात्रों को मिलेगा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का अवसर

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। फार्मेसी काउंसलिंग ऑफ इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी को सत्र 2024-25 के लिए डी.फार्मेसी पाठ्यक्रम की मान्यता प्रदान की गई है। डी.फार्मेसी पाठ्यक्रम 2016 से निरंतर संचालित है और अब 2024-25 से बी.फार्मेसी पाठ्यक्रम के लिए भी पीसीआई से मान्यता प्राप्त हो गई है, जिसके अंतर्गत 60 सीटों की स्वीकृति दी गई है। फार्मेसी विभाग के अधिष्ठाता, डॉ. सुशील भार्गव ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय ने फार्मेसी शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं, ताकि छात्रों को न केवल बेहतर शिक्षा मिले, बल्कि वे उद्योग में अच्छे प्लेसमेंट के अवसर भी प्राप्त कर सकें। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल, डॉ. अभिनय द्विवेदी को भी बधाई दी। डॉ. अभिनय द्विवेदी ने कहा कि माधव विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के प्रति समर्पित है और फार्मेसी क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और अनुसंधानों का लाभ छात्रों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विवि रजिस्ट्रार, डॉ. भावेश कुमावत ने इस सफलता को विवि की प्रबंधन समिति और कर्मचारियों की मेहनत बताया। माधव विश्वविद्यालय जिले के जनजाति बहुल क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान करने वाला प्रमुख संस्थान बनकर उभरा है। विश्वविद्यालय में फार्मेसी के अलावा नर्सिंग, पैरामेडिकल, होम्योपैथिक चिकित्सा, नेचुरोपैथी और योगा साइंस, फिजियोथैरेपी, विधि, इंजीनियरिंग, कृषि विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन, कला, लाइब्रेरी साइंस, शारीरिक शिक्षा, फायर एंड सेफ्टी, आईटीआई सहित विभिन्न क्षेत्रों में डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

### मोटर दुर्घटना में अस्थि भंग के लगभग सभी प्रकरणों में त्वरित निस्तारण हेतु विस्तृत 'गाईड लाईन-2024' जारी

» जागरूक जनता @ जयपुर। **जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एवं न्यायाधिपति पंकज भण्डारी, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्देशन में रालसा द्वारा राष्ट्रीयकृत एवं गैर-राष्टीयकृत बीमा कम्पनियों के उच्चाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से विस्तृत विचार-विमर्श उपरान्त वर्ष 2017 यथा 2021 में जारी गाईड लाईन्स में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए मोटर दुर्घटना प्रकरणों में आहत व मृतक व्यक्ति के आश्रितों के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु विस्तृत 'गाईड लाईन-2024' जारी की गई है। नई गाईडलाईन के अनुसार मोटर दुर्घटना में अस्थि भंग के लगभग सभी प्रकरणों में, जिनमें दृष्टि लोप होना, जबड़ा व दन्त संख्या की हानि होना तथा सिर का अस्थि भंग, ऐसी सभी अस्थियों का अस्थि भंग होना जो कि मानव के चलायमान होने के दृष्टिगत आवश्यक है, जैसे कि कलाई, कोहनी एवं घुटना आदि को सम्मिलित करते हुए श्रेणियों की अनुशंसा गाईड लाईन के माध्यम से की गई है। इसी क्रम में स्थाई निःशक्तता के प्रक्रम पर पूर्ववर्ती एकमुश्त राशि तथा निःशक्तता के प्रतिशत पर मिलने वाली प्रति प्रतिशत राशि में भी लगभग 10 हजार रूपए से 20 हजार रूपए तक की अभिवृद्धि की गई है।

# एनएच 68 से मेगा हाइवे 15 को जोड़ने वाला बायपास क्षतिग्रस्त



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**गुढ़ामालानी।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 68 से मेगा हाइवे 15 को जोड़ने वाली सड़क ब्रिज के पास पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनों की लम्बी कतारें लग रही। ऑवर ब्रिज के पास 1 से एक 1.5 फीट तक कई गहरे गड्ढ़े होने के कारण दुर्घटना होने की हमेशा आंकक्षा बनी रहती है बरसात के मौसम में इन गड्ढ़ों में पानी भरा रहता है इस सड़क से प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है क्षेत्र वासियों का कहना है कि हमने कई बार प्रशासन को अवगत कराया लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है इस ब्रिज की सड़क को लेकर प्रशासन लापरवाही कर रहा है इस सड़क को समय रहते सही नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### माधव विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय

# हिंदी पखवाड़ा में नारा लेखन प्रतियोगिता और सुलेख कार्यशाला आयोजित



» जागरूक जनता @ सिरोही। माधव विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में आज, 10 सितंबर 2024 को "हिंदी पखवाड़ा" के अंतर्गत 'हिन्दी नारा लेखन प्रतियोगिता' और 'सुलेख लेखन कार्यशाला' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बी.एड, बी.एल.एड, और बी.ए.बी.एड. के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बी.एड के सैनीदान चारण, कृतिका राव, पारस सोनी, ललित, निकिल, विनीता, मुकेश, उत्तम सिंह, दीपक, खुशबू चौहान, बी.एल.एड से प्रियंका रावल, शीतल, आदित्य सिंह, अभिजीत, महेश और बी.ए.बी.एड से मनीषा राजपुरोहित, अर्जुन, अनिल, कालाराम, जगदीश, सीमा, रवीना, रितिका, मिताली, चेहर, शैलेश सहित कई छात्राध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रोफेसर दीपक पंचोली ने अपने उद्बोधन से सभी छात्राध्यापकों को हिंदी पखवाड़ा की महत्ता बताई और उनके भविष्य में कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप सैनीदान चारण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, शीतल देवासी को द्वितीय और पारस सोनी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अवधेश आरा, डॉ. दीपक पंचोली, डॉ. सत्यप्रकाश तिवारी, डॉ. अखिलेश कुमार और डॉ. सुजान पटेल सहित संकाय के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन गोविंद कुमार परमार ने किया।

### 13 कॉलेज के सैकड़ो रेडी विद्यार्थी कुलपति से हुए रूबरू

# अधिक उत्पादन के लिए किसान हरी खाद का प्रयोग करें-डॉ.बलराज सिंह

**फार्मयार्ड मैन्यूर के बजाय बायोगैस स्लरी ज्यादा कारगर**

**हरी खाद मिट्टी की उर्वरता के लिए वरदान, हरी खाद का उपयोग पैदावार बढ़ेगी**

**रेडी विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल का कुलपति ने किया अवलोकन**

**हरी खाद नाइट्रोजन व फास्फोरस की मात्रा बढ़ाती है**

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविधालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने कृषि स्नातक चतुर्थ वर्ष के 13 कॉलेज के छात्रों के साथ संवाद किया। इस व्याख्यान में डॉ. बलराज सिंह ने बताया कि मृदा के लगातार दोहन से उसमें उपस्थित पौधे की बढ़वार के लिये आवश्यक तत्त्व नष्ट होते जा रहे हैं। इनकी क्षतिपूर्ति हेतु व मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाये रखने के लिये हरी खाद एक उत्तम विकल्प है। बिना गले-सड़े हरे पौधे (दलहनी एवं अन्य फसलों अथवा उनके भाग) को जब मृदा की नत्रजन या जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिये खेत में दबाया जाता है तो इस क्रिया को हरी खाद देना कहते हैं। हरी खाद बनाने के लिए दलहनी फसलों में सनई (सनहेम्प), ढैंचा, लोबिया आदि फसलों का उपयोग किया जाता है। हरी खाद, मिट्टी की उर्वरता, भौतिक और जैविक स्थिति में सुधार लाने के लिए की जाने वाली एक प्रक्रिया है।उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में भी बताया जो किसान को हरी खाद बनाते समय ध्यान रखने चाहिएङ्क पहला , यह जांचना चाहिए कि नोड्यूलेशन अभी भी चल रहा है या नहीं, दूसरा यह कि तने में रेशा नहीं बनना चाहिए क्योंकि यह मिट्टी के अंदर सड़ने में कठिनाई का कारण बनता है। डॉ बलराज सिंह ने हरी खाद के उपयोग बताते हुए कहा कि इससे मिट्टी में नाइट्रोजन और फ़ॉस्फ़ोरस की मात्रा बढ़ती है। मिट्टी की जल धारण क्षमता बढ़ती है जिससे सिंचाई की ज़रूरत कम होती है। मिट्टी में कार्बनिक कार्बन की मात्रा को बढ़ाती है। कटाव से होने वाली मिट्टी की क्षति को कम करती है। रूट नॉट नेमाटोड को नियंत्रित करती है। डॉ बलराज सिंह ने ये भी बताया की जॉबनेर की भूमि मे कार्बनिक पदार्थ की मात्रा 0.1 प्रतिशत से भी कम हो गयी है इस कारण भूमि मे जीवाश्म पदार्थ की मात्रा बढ़ाने तथा भूमि को स्वस्थ बनाये रखने के लिए हरी खाद जरूरी है।

